Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 174 | गुरूवार, 26 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## पीएम मोदी ने आर्थिक विकास पर कही ये बात

# 'ऑपरेशन सिंदूर' रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण'

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'प्रगति' की 48वीं बैठक में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रमाण बताया। केंद्र की 'प्रगति' पहल का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों को एकीकृत करके सक्रिय शासन और समय पर क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। एक बयान में कहा गया- 'प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के अनुकरणीय कार्यों की समीक्षा की।'उन्होंने इन पहलों की रणनीतिक महत्ता और रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की उनकी क्षमता को सराहा। उन्होंने खनन, रेलवे और जल संसाधन क्षेत्रों में परियोजनाओं की समीक्षा की। आर्थिक विकास और जन कल्याण के लिए महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं की समीक्षा समय सीमा, अंतर-एजेंसी समन्वय और समस्या समाधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए की गई। पीएम मोदी ने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन में देरी वित्तीय व्यय को बढ़ाती है और नागरिकों को आवश्यक सेवाओं और अवसंरचना तक समय पर पहुंच से भी वंचित करती है। आगे प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआइएम) की समीक्षा के दौरान, उन्होंने सभी राज्यों से आकांक्षी जिलों के साथ-साथ दूरदराज, आदिवासी और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबों और वंचितों तक गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवा की समान पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल को मोदी सरकार ने संविधान, लोकतांत्रिक भावना और संघीय ढांचे पर हमले के रूप में याद किया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित

इमरजेंसी की 50वीं बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित कर आपातकाल के विरुद्ध लड़ने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद करने व सम्मान देने का संकल्प लिया। साथ ही लोकतांत्रिक व संघीय भावना मजबूत बनाए रखने का भी संकल्प लिया। बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आपातकाल से लड़ने वाले अनगिनत देशवासियों के बलिदान का स्मरण किया। दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी। कहा कि यह श्रद्धांजलि उन सभी नागरकों के लिए भी है, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा।

# परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पर काम कर रहा पाकिस्तान



नई दिल्ली।

पाकिस्तानी सेना गुप्त रूप से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) विकसित कर रही है, जो अमेरिका तक पहुंच सकती है। 'फॉरेन अफेयर्स' की यह रिपोर्ट ऐसी खबरों के बीच आई है जिनमें कहा गया है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान, चीन के सहयोग से अपने परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पाकिस्तान ऐसी मिसाइल हासिल करता है तो वाशिंगटन उसे अपना 'परमाणु विरोधी' घोषित कर देगा। परमाणु हथियार रखने वाला कोई भी देश जिसे अमेरिका के लिए संभावित खतरा या विरोधी माना जाता है, उसे परमाणु विरोधी माना जाता है। वर्तमान में, रूस, चीन और उत्तर कोरिया को अमेरिका का विरोधी माना जाता है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है, "अगर पाकिस्तान आइसीबीएम हासिल कर लेता है, तो वाशिंगटन के पास उसे परमाणु विरोधी मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। आइसीबीएम रखने वाला कोई भी ऐसा देश जो अमेरिका को निशाना बना सकता है, उसे मित्र नहीं माना जाता है।" हालांकि, पाकिस्तान ने हमेशा दावा किया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से भारत को रोकने पर केंद्रित है। इसकी नीति छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों को विकसित करने पर केंद्रित रही है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें (आइसीबीएम) परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के वारहेड से लैस हो सकती हैं। ये 5,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। वर्तमान में, पाकिस्तान के पास कोई आइसीबीएम नहीं है। वर्ष 2022 में पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-तीन का परीक्षण किया, जो 2,700 किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को भेद सकती है। इससे कई भारतीय शहर इसकी जद में आ सकते हैं।

**अमेरिका के लिए संभावित खतरा**

## हमास के हमले में सात इजरायली सैनिकों की मौत

यरुशलम।



गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ पिछले करीब 20 महीने से सैन्य अभियान चला रहे इजरायल को बड़ा झटका लगा है। उसके एक बख्तरबंद वाहन पर बम से हमले में सात इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। गाजा में इजरायली सेना पर यह सबसे घातक हमलों में से एक है। जबकि हमास ने दावा किया कि उसके मिसाइल हमले में सैनिकों की जान गई। इधर, फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को इजरायली हमलों में गाजा में 79 लोग मारे गए। इजरायली सेना के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि सैनिकों पर दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को हमला किया गया।

## हिमाचल में हाहाकार...कांगड़ा में आई बाढ़, कुल्लू में चार स्थानों पर फटा बादल; तीन की मौत,20 लापता

शिमला।



हिमाचल प्रदेश में बुधवार को मानसून की भारी वर्षा ने तबाही मचा दी। प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई बह गए। दो लोगों की मौत कांगड़ा और एक की चंबा में हुई। सबसे अधिक नुकसान कांगड़ा और कुल्लू ज्लिों में हुआ है। कांगड़ा जिले के खनियारा में मनूनी खड्ड (छोटी नदी) में आई बाढ़ के कारण इंदिरा प्रियदर्शिनी जल विद्युत परियोजना में काम करने वाले 20 के करीब मजदूरों के बह जाने की आशंका है। अब तक दो लोगों के शव मिले हैं। बताया जा रहा है कि खड्ड में अवैज्ञानिक तरीके से मलबे की डंपिंग की गई थी। मजदूरों के शेड भी खड्ड के मुहाने पर बने थे। उधर, कुल्लू जिले में चार स्थानों पर बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है और तीन लोग बह गए। चंबा में पहाड़ी से गिर रहे पत्थरों से बचने के प्रयास में कार खाई में जा गिरी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। खनियारा में इंदिरा प्रियदर्शिनी जल विद्युत परियोजना में बारिश के कारण काम बंद था। यहां रह रहे करीब 280 मजदूर शेडों में व खड्ड के आसपास ही थे। इस बीच मनूनी खड्ड व नाले का बहाव मजदूरों के शेडों की तरफ हो गया। बहने वाले ज्यादातर मजदूर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले बताए गए हैं। अब तक जिन दो मजदूरों के शव बरामद हुए हैं।

## दिल्ली-यूपी में मानसून का इंतजार, हिमाचल में भारी बारिश



नई दिल्ली।

उमस भरी गर्मी से बेहाल दिल्ली और उत्तर प्रदेश में मानसून का इंतजार कुछ लंबा होता जा रहा है। मौसम विभाग पिछले एक सप्ताह से कमोबेश रोज ही मानसून आने की संभावना जता रहा है,लेकिन वर्षा के नाम पर बूंदाबांदी ही होकर रह जाती है। दिल्ली में मौसम विभाग ने फिर अगले 24 घंटे में और उत्तर प्रदेश में शनिवार तक मानसून के आने की संभावना व्यक्त की है। वहीं पहाड़ी राज्यों की बात करें तो हिमाचल और उत्तराखंड में लगातार तेज बारिश हो रही है। जम्मू-कश्मीर में कहीं गर्मी का प्रकोप है तो कहीं वर्षा हो रही है। दिल्ली में मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को दिनभर बादलों की लुकाछिपी चलती रही। उमस भरी गर्मी के बीच अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पंजाब में मानसून अब सभी जिलों में पहुंचना शुरू हो गया है

वहीं पंजाब में मानसून अब सभी जिलों में पहुंचना शुरू हो गया है। बुधवार को पंजाब के दस जिलों में मध्यम वर्षा के साथ ही तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग ने पंजाब के लिए रेंज अलर्ट जारी करते हुए गुरुवार को कई जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है।


हवा में नमी का स्तर 88 से 73 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि गुरुवार को दिन भर बादल छाए रहेंगे। तेज हवा चलने व बिजली चमकने के साथ मध्यम स्तर की वर्षा की संभावना है।

उत्तराखंड में मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के ज्यादातर जिलों में भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## पाकिस्तान को दिखाया जाएगा आईना

# एससीओ बैठक में भाग लेने चीन पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ

बीजिंग।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ पहुंचे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। उनके आगमन पर उन्हें चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने स्वागत किया। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक 25 से 26 जून को होनी है। भारत, चीन, रूस और कई मध्य एशियाई देशों को शामिल करने वाला एससीओ क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सहयोग और संवाद पर केंद्रित है। इससे पहले सिंह ने पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, मैं किंगदाओ, चीन के लिए रवाना हो रहा हूं, ताकि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग ले सकूं। मुझे विभिन्न रक्षा मंत्रियों के साथ कई मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। मैं वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने और आतंकवाद को समाप्त करने के लिए संयुक्त और निरंतर प्रयासों की अपील करने की उम्मीद कर रहा हूं। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रहार के अनुरूप राजनाथ आतंकवाद से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगे। मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य संघर्ष के बाद द्विपक्षीय संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है।

## 'शुभांशु सब संभाल लेगा', ऐतिहासिक स्पेस मिशन पर बेटे को जाते देख खुशी से छलके मां के आंसू

नई दिल्ली।



फाइव, फोर, थ्री, टू, वन..! फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च हो रहे एक्सिओम मिशन-4 के लिए उल्टी गिनतियां पूरी होने के साथ ज्यों ही लखनऊ के लाल शुभांशु ने गगन की ओर उड़ान भरी, स्पेस सेंटर का रूप देकर सजाए गए सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के आडिटोरियम में शुभांशु..शुभांशु नाम के गगनभेदी नारे गूंज उठे। अपने इष्ट की आराधना में लीन मां आशा शुक्ला के नयन अपने नयनतारे की ऊंची उड़ान से सजल हो उठे। रुंधे गले से बस इतने ही शब्द प्रस्फुटित हुए, 'कभी सोचा नहीं था कि बेटा इतनी ऊंचाई तक जाएगा।' इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन विस्मित, प्रफुल्लित शंभू दयाल शुक्ला ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भावों का बांध खोला- 'अब मेरी पहचान शुभांशु के पिता की है।'

# नासा के एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए शुभांशु शुक्ला की उड़ान के साथ ही 140 करोड़ भारतीयों का स्वाभिमान सातवें आसमान पर पहुंच गया। शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12.01 बजे एक्सिओम मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी, जिसका दुनिया भर के लोगों ने स्वागत किया। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। राकेश शर्मा की ऐतिहासिक उड़ान के एक वर्ष बाद 1985 में जन्मे शुभांशु दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।



## संपादक की कलम से

# युद्ध हुआ ही क्यों?

अब यह यक्ष-प्रश्न सामने है कि इजरायल-ईरान युद्ध क्यों हुआ था? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान की खामेनेई हुकूमत बदलना चाहते थे, लगातार हुंकारें भी भर रहे थे, लेकिन युद्धविराम कराते हुए और उसके बाद उनका कहना है कि सत्ता-परिवर्तन से अराजकता फैलती है, लिहाजा यह फैसला हम ईरानी अवाम पर छोड़ते हैं। क्या इस असमंजस के कारण ही युद्ध कराया गया था? अमरीका और इजरायल दोनों ही ईरान की परमाणु क्षमता नष्ट करना चाहते थे, ताकि ईरान परमाणु बम न बना सके। ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। ईरान ने खुद को आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) से अलग कर लिया है। अब न तो किसी निगरानी कैमरों, न नियमित रपट और न ही परमाणु ठिकानों के निरीक्षण की अनुमति ईरान आईएईए को देगा। युद्धविराम के बाद भी ईरान की तरफ से बयान दिए गए हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम जारी रहेगा। युद्ध में ईरान का सबसे अहम और संवेदनशील नुकसान यह हुआ है कि इजरायल की सेना ने उसके 17 परमाणु वैज्ञानिक मार दिए हैं। यह क्षतिपूर्ति बेहद मुश्किल है। सवाल है कि ईरान का लेशमात्र परमाणु कार्यक्रम अस्तित्व में है, तो अमरीका और इजरायल ने अपने लक्ष्य हासिल कैसे किए? यदि लक्ष्य अधूरे रह गए, तो फिर युद्ध क्यों लड़ा गया था? इजरायल को युद्ध के कारण 1200 करोड़ डॉलर का घाटा उठाना पड़ा। करीब 60,000 छोटी-बड़ी कंपनियां इजरायल छोड़ कर चली गईं। उसे 1.9 अरब डॉलर का औद्योगिक नुकसान हुआ और 4.2 अरब डॉलर का बुनियादी ढांचा खंडहर हो गया। ईरान ने उसके तेल अवीव के सैन्य अड्डों, एयरबेस और दर्जनों इमारतों को तबाह कर दिया। ईरान को युद्ध के कारण 150-200 अरब डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा। उसके 800-900 लोग मारे गए, जिनमें सेना के शीर्ष कमांडर भी शामिल थे। बेशक अमरीकी हमले में परमाणु ठिकानों में हजारों सेंट्रीफ्यूज नष्ट हो गए और सुरंगें मिट्टी-मलबा हो गईं। ईरान की जीडीपी पर करीब 9.6 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान सामने आया है। क्या इस आर्थिक तबाही के लिए ही युद्ध लड़ा गया था? युद्धविराम के बाद मध्य-पूर्व की शांति और स्थिरता बेहद जरूरी है। गाजा में अब भी घेराबंदी, हमले और हत्याएं हैं। करीब 60,000 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें बच्चों की संख्या भी काफी है। गाजा पर अमरीका और इजरायल कब्जा कर लेना चाहते हैं। मध्य-पूर्व और आसपास के देशों पर ही दुनिया की अर्थव्यवस्था का एक मोटा हिस्सा आश्रित है। लाखों भारतीय भी इन देशों में काम करते हैं। यदि ईरान की डांवाडोल स्थिति के कारण सीरिया, लीबिया, लेबनान, इराक आदि देशों में भी हालात नहीं सुधरते हैं, तो उससे आतंकवाद और क्षेत्रीय उग्रवाद का विस्तार होगा। उनसे अन्य खाड़ी देशों की आंतरिक सुरक्षा प्रभावित होगी। आतंकवाद की काली छाया भारत तक भी आ सकती है। दरअसल यह एक अजीब युद्ध था और उतनी ही नाटकीयता के साथ इस पर विराम घोषित किया गया। उससे पहले कतर के अमरीकी सैन्य बेस पर ईरान ने 14 मिसाइलों से जो हमला किया, वह भी नौटंकी था, क्योंकि हमले की पूर्व सूचना दे दी गई थी, लिहाजा 13 मिसाइलें हवा में ही नष्ट कर दी गईं और एक मिसाइल किसी अन्य दिशा में जाकर नष्ट हो गई। यह हमला इसलिए किया गया, ताकि ईरान अपनी अवाम को खुलासा कर सके कि हमने अमरीकी अड्डे पर भी हमला बोल कर बदला लिया है। युद्धविराम को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान के विरोधाभासी बयान हैं। बहरहाल अमरीका आदतन इस युद्धविराम का भी श्रेय ले रहा है। युद्धविराम स्थायी और निश्चित होना चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

## नया लोकतंत्र? (संपादकीय स्थान रिक्त है)

# जब कलम चुप हो जाए: लोकतंत्र का शोकगीत



प्रियंका सौरभ

आपातकाल के दौरान अखबारों ने विरोध में अपना संपादकीय कॉलम खाली छोड़ा था। आज औपचारिक सेंसरशिप नहीं है, लेकिन आत्म-सेन्सरशिप, भय और राष्ट्रभक्ति के नाम पर विचारों का गला घोंटा जा रहा है। सवाल पूछना देशद्रोह बन गया है, और संपादकीय अब सत्ता के प्रवक्ता हो गए हैं। ऐसे समय में जब हर शब्द जोखिम बन चुका है, तब एक रिक्त संपादकीय शायद सबसे शक्तिशाली चीख है – यह कहता है, हम अभी मौन हैं, लेकिन गूंगे नहीं हुए हैं। आपातकाल में अखबारों ने विरोध में अपने संपादकीय स्तंभ खाली छोड़ दिए थे। आज संपादकीय लिखे जा रहे हैं – लेकिन जैसे खालीपन भीतर भर गया है। 1975 में जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था, तब विरोध का मतलब जेल जाना था, कलम उठाना मतलब कागज छिन जाना था। फिर भी इंडियन एक्सप्रेस, जनसत्ता, प्रतिपक्ष और कई क्षेत्रीय अखबारों ने अपना संपादकीय कॉलम रिक्त छोड़कर सत्ता के विरुद्ध मौन का सबसे मुखर रूप चुना था। आज आपातकाल घोषित नहीं है। प्रेस की आजादी का कोई औपचारिक निलंबन नहीं हुआ। फिर भी पत्रकार जेल में हैं। कुछ मारे गए, कुछ बिक गए, कुछ खामोश हो गए। एक पूरी पीढ़ी है जिसे मालूम ही नहीं कि लोकतंत्र में अखबार सरकार से सवाल पूछते हैं, आरती नहीं। नया लोकतंत्र वह है जहाँ सरकार बोलती है, जनता सुनती है। सत्ता झूठ बोले, मीडिया उसे स्लोगन बना दे। कोई किसान मर जाए, कोई छात्र रो ले, कोई स्त्री चीखे – तो कैमरे का एंगल बदल दिया जाए। नया लोकतंत्र वह है जहाँ देशद्रोह अब अभिव्यक्ति की सीमा नहीं, असहमति की परिभाषा है। जहाँ राष्ट्रवाद अब जनहित नहीं, सत्ता हित की पोशाक बन चुका है। क्योंकि जब सब लिखा जा चुका हो, लेकिन कुछ भी छपने लायक न बचे – तब स्याही सूख जाती है। 1975 में डर बाहर था, टैंक और वर्दियों में। आज डर भीतर है, टीआरपी और फंडिंग के नाम पर। 1975 में सेंसर अफसर बिठाए गए थे। आज पत्रकारों ने खुद ही सेंसरशिप को आत्मसात कर लिया है। जो लिखते थे, अब जुबान फिसलने के दोषी बना दिए गए हैं। जो सोचते हैं, उन्हें आईटी सेल के शोर में दबा दिया गया है। जो सच दिखाते हैं, उनकी स्क्रीन ब्लैकआउट कर दी जाती है। कभी यह अनुरोध होता था – कृपया शांत रहें। अब यह सत्ता का आदेश है – चुप रहो, वरना देशद्रोही कहलाओगे। बोलना अब खतरनाक नहीं, अवैध हो गया है। कविता लिखना अब भाव नहीं, विचारधारा कहलाता है। सवाल पूछना अब नागरिक कर्तव्य नहीं, गुनाह है। शांत रहिए अब सिर्फ रेल स्टेशनों पर नहीं बजता, यह हर न्यूज चैनल, हर अखबार, हर सोशल मीडिया पोस्ट की चेतावनी बन चुका है। आपातकाल में जनता ने आवाज उठाई। जेल गए, आंदोलन किए। लेकिन आज हम एक अघोषित आपातकाल के भीतर हैं – और चुप हैं। शायद क्योंकि आज की सेंसरशिप हिंसा की नहीं, सुविधा की है। शायद इसलिए कि अब डर नहीं दिखता, वो आकर्षक पैकेज में छिपा है – सब अच्छा है, बढ़ता भारत, विश्वगुरु। हम वह पीढ़ी हैं जिसने सत्य की जगह नैरेटिव चुन लिया है। जिसने अखबार से खबर हटाकर इवेंट बना दिया है। जिसने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी भी है, पर समझी नहीं। क्योंकि शब्द अब प्रभावहीन हैं? नहीं। क्योंकि अब कोई सुनने वाला नहीं? नहीं। बल्कि इसलिए कि कभी-कभी चुप्पी खुद एक चीख बन जाती है। रिक्त संपादकीय आज फिर जरूरी है – क्योंकि हर शब्द अब रेखांकित हो रहा है, हर वाक्य विश्लेषित हो रहा है, और हर असहमति पर मुकदमा दर्ज हो रहा है। कभी-कभी खाली पन्ना वो कह देता है जो शब्द नहीं कह सकते। हमारा पाठक अब बस मनोरंजन चाहता है। संपादकीय पढ़ना उसकी रुचि में नहीं रहा। वह सत्य की खोज में नहीं, रिलेट करने लायक कंटेंट में रुचि रखता है। वह ट्रेंड में जीता है, तथ्य में नहीं। तो अखबार भी अब वही परोसते हैं – वही चेहरे, वही घिसे-पिटे विचार, वही सत्तानुकूल भाषा। अगर आप संपादकीय रिक्त देखते हैं – चौंकिए मत। समझिए, कोई कुछ कह नहीं पा रहा। अगर आप संपादकीय में भक्ति पढ़ते हैं – समझिए, कलम मजबूरी में झुकी है या बिक चुकी है। अगर आप अभी भी लिख रहे हैं – तो अपने भीतर एक सवाल जरूर उठाइए: क्या मेरी कलम सत्ता के हित में चल रही है या समाज के? जब किसी गांव की दलित औरत को पीट दिया जाएगा – और उसका वीडियो वायरल होगा, जब किसी छात्र को नारेबाजी के आरोप में जेल भेजा जाएगा, जब किसी कवि की किताब पर प्रतिबंध लग जाएगा, या जब किसी संपादक को सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाला जाएगा क्योंकि उसने सच छाप दिया... तब शायद कोई फिर से बोलेगा

# ज्ञान का प्रकाश और सफलता के सोपान



संजीव ठाकुर

स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगों से समाज से दूर किया है। दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है।

जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं।



उदय किशोर साह

## तेरी खमोशी मेरे मन को तड़पाता

कविता

तेरी खमोशी मेरे मन को तड़पाता
मौन तेरी चुप्पी परेशान कर जाता
कुछ तो बोलो मेरी रूठी मेरी रानी
मत कर प्यार में हमसे बेईमानी

चुप्पी तोड़ क्यूँ बन गई तूँ शैतान
तेरी बेरुखी से मैं हूँ बहुत। हैरान
तेरे बिन ना है दिल को अब चैन
तेरी चुप्पी मुझे करती है बैचेन

ओ मेरी दिलरूबा ओ मेरी जान
अटक रही अधर में मेरी भी प्राण
अब और ना मेरी परीक्षा को बढ़ाना
मेरी बैचेनी को मरहम तुँ लगा आना

तेरी आवाज सुनने को मेरी जान
कब से तरस रही है ये मेरी दो कान
कुछ तो रहम कर सुन मेरी फरियाद
बीते लमहों को कर लो अब। याद

तेरे बिन मैं हुँ आज भी। अधुरा
आकांक्षा मेरी कब करोगी पूरा
बीत रहा है ये पावन मिलन की रात
आज जानम आने वाली है बरसात

# प्रकृति एवं जीवन रक्षा के लिये नदियों का संरक्षण जरूरी



ललित गर्ग



भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। नदियों के सूखने और प्रदूषित होने के कारणों में मुख्य हैं, अत्यधिक पानी का दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन। नदियां जीवन का आधार है, लेकिन तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब ह्यमृतह्ल होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। नदियां के अत्यधिक खतरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की।

देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषतः उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। ओडिशा में कई नदियां सूख रही हैं और प्रदूषित हो रही हैं, जिससे वहां के पर्यावरण और लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है।

महानदी बचाओ आंदोलन और ओडिशा नदी सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित ओडिशा नदी सुरक्षा सम्मेलन में राज्य की नदियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सरकार से एक समग्र नदी नीति बनाने एवं ओडिशा एवं अन्य प्रांतों की नदियों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की पुरजोर मांग उठी। पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह ने कहा, ह्लओडिशा की कई नदियां मरने के कगार पर हैं। अगर नदियों का स्वास्थ्य नहीं सुधरा, तो मानव का स्वास्थ्य भी नहीं बचेगा।ह्ल बात केवल ओडिशा की ही नहीं है, बल्कि सभी प्रांतों में सिंचाई, औद्योगिक उपयोग और घरेलू जरूरतों के लिए नदियों से अत्यधिक पानी निकाला जा रहा है, जिससे नदियों में पानी की कमी हो गई है। औद्योगिक कचरा, सीवेज और कृषि अपवाह नदियों में प्रवाहित हो रहा है, जिससे पानी प्रदूषित हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है। भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। हमें अपनी नदियों को 2047 तक निर्मल व अविरल बनाने के संकल्पित लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना होगा। भारत की नदियों की दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत एवं बढ़ते प्रदूषण पर पिछले चार दशकों से लगभग हर सरकार कोरी राजनीति कर रही है, प्रदूषणमुक्त नदियों का कोई ईमानदार प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। नदियां हमारे जीवन की जीवन रेखा है, गति है, ताकत है। ये पानी, बिजली, परिवहन, मछली और मनोरंजन के लिए स्रोत हैं। नदियां पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। नदियों के किनारे बसे शहरों की वजह से ये आर्थिक रूप से भी अहम हैं, इनसे ताजा पीने का पानी मिलता है, बिजली बनती है, खेती के लिए जरूरी उपजाऊ मिट्टी मिलती है। नदियों से जल परिवहन होता है। नदियां मरेंगी तो समाज मर जाएगा। नदियों पर खतरे के तीन बड़े कारण हैं और इन्हें पुनर्जीवन के लिए सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है। देश में जनसंख्या का दबाव बढ़ने के साथ ही जमीनों की कीमतें बढ़ीं, इसके साथ ही नदी किनारे भूमि पर अतिक्रमण, सिंचाई के लिए भूजल शोषण और नगरों के गंदों नालों से बढ़ता प्रदूषण नदियों के लिए गंभीर खतरा बन गए और छोटी बड़ी तमाम नदियां सूख रही है। कई नदियां बेमौत मर गईं। केंद्र व प्रदेश की सरकार को सबसे पहले नदियों की जमीन का सीमांकन व चिह्नांकन कराने के साथ ही राजस्व नक्शे में नोटिफिकेशन करना चाहिए। तभी कुछ सुधार की संभावना है। नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो ?शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के ?बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। देश में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। नदियों को विवाद बना दिया है, आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक मानवीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। अब जलवायु परिवर्तन की मार देश के दूरस्थ अंचल तक दिख रही है। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक-प्राकृतिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा घातक प्रभाव होगा। नदियों के लिए ताजा पानी उपलब्ध कराने, जैव विविधता को बढ़ावा देने से लेकर जलवायु को नियंत्रित करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने तक स्वस्थ, निर्मल एवं पवित्र मुक्त बहने वाली नदियां को संरक्षित करना जरूरी है। तालाब संरक्षण की बात तो सभी करते हैं, लेकिन आज जरूरी है कि छोटी नदियों की भी सुध ली जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी पर्व पर 43 लोगों ने ब्लड डोनेट किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज जी के शहीदी पर्व को समर्पित रक्तदान शिविर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगाया गया जिसमें 43 लोगों ने ब्लड डोनेट किया इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना जी ने कहा रक्तदान महादान है इससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है वीर खालसा सेवा समिति बधाई पत्र है जो समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है समिति को जब भी मेरी जरूरत मैं समिति के साथ हूं समिति के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा खून के बिना किसी की जान ना जाए यही हमारी सोच कर्तव्य और दायित्व रहता है जहां भी ब्लड की कमी होती है उसे पूरा करने के लिए समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है समिति के



अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कुछ ही दिन में एक और रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा समाज सेवा के कार्य आगे भी जारी रहेंगे समिति के सभी सदस्य का सहयोग सराहनीय रहता है इस मौके पर सरदार मनमीत सिंह गुलशन अरोड़ा संजय अरोड़ा सेवा सिंह मोनू सिंह खुशवंत बाजवा लखविंदर सिंह दरबार सिंह



सरदार सुरेंद्र सिंह आर रहमान जी हरमीत सिंह जी जगजीत सिंह जी बलजीत बाजवा रमन रंधावा सनी कपूर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे सारा ब्लू जिला अस्पताल ब्लड बैंक को दे दिया गया समिति की ओर से मुख्य अतिथि आकाश सी जी का समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# थाना सिविल लाइन:- प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के अभियोग में 04 नफर अभियुक्त अभियुक्ता गिरफ्तार

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** वादी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर बावत धर्मवती पत्नी रामअवतार निवासी इच्छा राम की मिलक थाना सिविल लाइन, रामपुर द्वारा गांव के हिन्दू धर्म के लड़के व लड़कियों को हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए काफी दिनों से ब्रेन वॉश किया जा रहा है। उक्त के क्रम में हिन्दू धर्म के लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तन कराने हेतु अभियुक्तगण 1. विवेक पुत्र स्व0 देवदत्त निवासी 59/7 मकान नम्बर 10 द्वारिका मोड, उत्तम नगर सेवक पार्क थाना द्वारिका दिल्ली, 2. पवन कुमार पुत्र राकेश निवासी म0नं0- 123 दयानन्द कालोनी थाना लाजपत नगर, दिल्ली, 3. ममता पत्नी अभय कुमार निवासी म0न0 झ 236 ताहिरपुर कुम्हार कालोनी थाना गुरूतेगबहादुर, को दिल्ली से धर्मवती उपरोक्त द्वारा अपने घर बुलाया गया। धर्मवती उपरोक्त द्वारा अपने घर में प्रोग्राम कराकर गांव के लोगो को एकत्रित कर आरोपियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर (निशुल्क शिक्षा व रोजगार आदि का आश्वासन देकर) धर्म परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है



। उक्त तहरीरी सूचना के संबंध में सिविल लाइन पर मु0अ0सं0- 237/2025, धारा- 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 बनाम धर्मवती आदि 04 नफर उपरोक्त के पंजीकृत किया गया। थाना सिविल लाइन, रामपुर द्वारा अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम में अभियोग में वाँछित अभियुक्त/अभियुक्ता 1. धर्मवती पत्नी रामअवतार नि0 इच्छाराम की मिलक थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर 2.विवेक पुत्र स्व0 देवदत्त नि0 59/7 मकान नं0 10 द्वारिका मोड़ उत्तम नगर सेवक पार्क थाना द्वारिका दिल्ली 3.पवन कुमार पुत्र राकेश नि0 मकान नं0 123 दयानन्द कालोनी लाजपत नगर थाना लाजपत नगर दिल्ली 4. ममता पत्नी अभय कुमार नि0 मकान नं0 236 ताहिर पुर कुम्हार कालोनी थाना गुरूतेज बहादुर दिल्ली को त्वरित करार्यवाही करते हुये अभियुक्ता धर्मवती उपरोक्त के घर से हिन्दू लड़के-लड़कियों, महिलाओं का ब्रेन वाँश कर व प्रलोभन देकर हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन कराते हुये गिरफ्तार कर आवश्क विधिक कार्यवाही की गयी।

# मुख्य अभियंता (स्तर-1) रूहेलखण्ड सिंचाई विभाग उ.प्र. ने किया बाढ कार्यो का स्थलीय निरीक्षण



वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर धामपुर बिजनौर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. के मुख्य अभियंता ( स्तर-1) रूहेलखण्ड इंजी. महेश्वरी प्रसाद ने अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन पीलीडाम एवं बाढ कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। तथा बषार्काल में जलप्लावन की स्थिति में सजग रहने एवं नदियों के जलस्तर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पी.के.जैन, पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, गौरव कुमार, शिवेन्द्र भारद्वाज, गजेंद्र सिंह एवं नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने खड़ी बाइक में मारी टक्कर, डॉ. अब्दुल मलिक घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर अफजलगढ़।** बुधवार सुबह नगर के समीप जावेद पेट्रोल पंप के पास उस समय सनसनी फैल गई जब एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पास खड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अब्दुल मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक उछलकर गिर गई और डॉक्टर मलिक सिर के बल नीचे जा गिरे। स्थानीय निवासी डॉ. अब्दुल मलिक पुत्र मोहम्मद फारूक, मोहल्ला नेजो सराय के रहने वाले हैं। वह अफजलगढ़ में वर्षों से चिकित्सकीय सेवा दे रहे हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी खासी पहचान है। हादसे के दौरान उनके सिर व हाथ में गहरी चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अफजलगढ़ सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर फैलते ही नगर में चिंता का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि डॉक्टर मलिक जैसे शांत स्वभाव और सेवा भावना से जुड़े व्यक्ति के साथ हुआ यह हादसा अत्यंत दुखद है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त कार और उसके चालक को मौके से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में बेतहाशा वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।



# स्वयं सहायता समूह से तीस हजार रुपए रिश्वत लेने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया महमूद रजा

पीड़ित महिला ने की मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त स्वयं रोजगार ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक इकाई बिजनौर से की शिकायत पीड़ित महिला का कहना अगर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो हम महिलाऐ धरने पर बैठेंगी नजीबाबाद ब्लॉक के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की ग्राम मौजमपुर तुलसी निवासी गायत्री रानी नामक महिला ने किशनपुर आंवाला सीएलएफ में विदुर स्टोर के लिए ऋण का आवेदन किया तो वहां पर उपस्थित,,सी एल एफ लोकोस रुचि ,,व उपाध्यक्ष सगुफ्ता एवं अध्यक्ष सरिता,, ने ?30000 की रिश्वत की डिमांड की जिस पर आवेदिका उन्हें अपने कागज देआई आवेदिका फिर एक हफ्ते बाद सीएलएफ पहुंची तो उक्त तीनों महिलाओं ने फिर से कहा अगर आप हमें पैसे नहीं दोगी तो आपका ऋण का प्रस्ताव हम पास नहीं करेंगे और इधर-उधर की बातें करने के बाद टरका दिया आवेदीका फिर 23 6 2025 को पुनः कार्यालय पहुंची वहां पर उपस्थित लोकोस रुचि ने कहा यहां बिना पैसे के कोई काम नहीं होता आवेदीका ने कहां मैं आपकी शिकायत करुंगी तो उक्त रुचि व शगुफ्ता ने आग बबूला होते हुए आवेदिका के साथ अभद्र व्यवहार किया और कहा 6 महीने बाद आना यहां बिना पैसे के कोई काम नहीं होता ऊपर तक जितने भी अधिकारी हैं सबको हिस्सा बटता है जो तुमसे हो कर लेना अब तुम यहां से भागो तब जाकर आवेदिका ने मुख्य विकास अधिकारी व स्वयंवर रोजगार उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक बिजनौर से शिकायत की दोनों अधिकारियों ने जांच करा कर इन तीनों महिलाओं को पद से हटाने का आश्वासन दिया है

# रामपुर स्वदेशी जागरण मंच ने अजय कुमार ठाकुर को जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक कपिल नारायण शिव कान्वेट स्कूल टिकट गंज पहुंचे। जहां पर मुकेश पाठक और फरहत अली खान की संस्तुति पर अजय कुमार ठाकुरको जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया। मेरठ प्रांत सहसंयोजक कपिल नारंग ने अजय कुमार को जिला संयोजक मनोनीत होने पर कहा कि अजय ठाकुर प्रतिभावान प्रभावशाली और राष्ट्र के सच्चे सेवक हैं। उन्होने कहा कि आरएसएस के आनसांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिला स्तर पर अति शीघ्र कमेटी बनाकर स्वदेशी के लिए सक्रियता निभायेंगे। इस मौके पर फरहत अली खान ने कहा कि अजय कुमार को जो



जिम्मेदारी सौंपी गई हैं वह उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभायेंगे। संगठन को मजबूत बनाकर स्वदेशी जागरण मंच से लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक मुकेश पाठक, स्वदेशी जागरण मंच के जिला पूर्व संयोजक फरहत अली खान व अन्य सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हल्द्वानी से बागेश्वर आ रही बोलेरो हरिद्वारछीना के पास पलटी, दो यात्री हुए घायल

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**,हल्द्वानी से रात्रि में बागेश्वर के लिए सवारियां लाने वाली एक बोलेरो टैक्सी वाहन सड़क पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।गनीमत रही कि वाहन सड़क पर ही पलटा, चालक ने तत्काल ईमेरजेंसी ब्रेक लगाकर वाहन को नियंत्रित कर लिया।जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया।बुधवार सुबह बागेश्वर-गरूड़ मार्ग पर स्थित हरिद्वारछीना के पास एक टैक्सी जीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। तब जीप में सवारियों के साथ छत में सामान भरा हुआ था। जीप हल्द्वानी से बागेश्वर की ओर आ रही थी। इस दौरान जीप में बैठे मंडलसेरा निवासी 22 वर्षीय प्रेम राम पुत्र शंकर राम तथा 25 वर्षीय भरत कुमार पुत्र हरीश राम चोटिल हो गए। जिसके बाद दोनों घायलों को



जिला अस्पताल भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को छुट्टी दे दी है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।वही पुलिस ने घटना स्थल। पहुँचकर चालक और यात्रियों से पूछताछ कर सड़क में पलटी टैक्सी जीप को किनारे हटाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई गई।

# वीसी महोदय प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कमर्शियल अवैध निर्माण पर कब होगी कार्यवाही

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण भले ही जनपद में बगैर नक्शा स्वीकृत कमर्शियल एवं अवैध भवनो के निर्माण पर रोक लगाने सील करने ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही करने के दावे कर रहा है।लेकिन यह दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण सिंभावली में देखने को मिल रहा है। जहां कई कमर्शियल निर्माण हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृति के जोरों पर चल रहे हैं। और इन निर्माण के सामने से होकर प्रतिदिन हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण के अधिकारी तीर्थ नगरी ब्रजघाट तक अवैध निर्माण की जांच करने के लिए जाते हैं। लेकिन इनको यह कमर्शियल अवैध निर्माण बिल्कुल नजर नहीं आ रहे हैं। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर नजर हापुड़ पिलखुआ प्राधिकरण अधिकारियों की सर-परस्ती कहा जाए या अनदेखी। सूत्रों की माने तो



हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से जुड़े फील्ड अधिकारियों की सह पर बगैर नक्शा स्वीकृत अवैध कमर्शियल निर्माण चल रहे हैं। ऐसे अवैध निमार्णों को लेकर जब सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होती है। तो यह अधिकारी आनंन- फानन में कार्यवाही के नाम पर भवन स्वामी को नोटिस जारी कर अपनी इति श्री कर देते हैं। और अवैध निर्माण भवन कर्ता को इन्हीं कर्मचारियों के द्वारा रास्ता बताते हुए सुविधा शुल्क वसूली कर है।अपनी गर्दन बचाने को लेकर अवैध कमर्शियल भवन निर्माण पर साथ के साथ सफेदी कराकर नये अवैध निर्माण को पुराना जीर्णोद्धार निर्माण दर्शा दिया जाता है। इन सभी कारगुजारियों के चलते प्राधिकरण को प्राप्त होने वाले राजस्व को अपनी जेबो में रखने वाले कर्मचारियों के साथ वीसी महोदय अवैध कमर्शियल निर्माण पर कब होगी कार्यवाही।

# इंदिरा गांधी की राजनैतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम था आपातकाल -संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बुधवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आपात काल की त्रासदी पर सेमिनार व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि भारत में आपातकाल इंदिरा गांधी की राजनैतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम था। उन्हें ही आपातकाल का दोषी ठहराया जाता है क्योंकि उन्होंने ही इसे लागू किया था। आपातकाल के



दौरान, सरकार ने नागरिकों के अधिकारों को निलंबित कर दिया, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी, और राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया। श्री द्विवेदी ने बताया कि आपातकाल की घोषणा 25 जून, 1975 को की गई थी, जब इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री थीं। उन्होंने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला दिया, लेकिन कई लोगों का मानना था कि यह उनकी सत्ता को मजबूत करने और अपने राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने का एक तरीका था। उन्होंने बताया कि आपातकाल के दौरान, सरकार ने कई विवादास्पद नीतियां लागू कीं, जैसे कि जबरन नसबंदी। इन नीतियों की व्यापक आलोचना हुई और इसने इंदिरा गांधी की छवि को धूमिल कर दिया।आपातकाल के बाद, इंदिरा गांधी को 1977 के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा।

# एसडीम ने पुलिस छापामार कार्रवाई कर नकली खाद, कीटनाशक दवाएं एवं पेस्ट्रीसाइड बीज पैकिंग करने की सामग्री का जखीरा किया बरामद

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़/थाना हापुड़ देहात क्षेत्र अंतर्गत दो बंद मकानों पर एसडीएम ने छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली खाद, कीटनाशक दवाएं,पेस्टीसाइड बीज पैकिंग करने की सामग्री का जखीरा बरामद किया है। जिसको लेकर खाद बीज कीटनाशक दवाई विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

विदित रहे कि जनपद में अन्नदाता किसान की जेब पर डाका डालने को लेकर नकली खाद बीज कीटनाशक दवाइयां बिक्री करने



वालों का मक्कड़ जाल फैला हुआ है। जिन पर शिकंजा कसने की कार्यवाही करते हुए एसडीएम सदर ने पुलिस बल एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी की टीम के साथ थाना हापुड़ देहात क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मौहल्ला उपासना बिहार में दो बंद पड़े मकानों पर छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में नकली खाद, कीटनाशक दवाईयां ,पेस्टिसाइड बीज पैकिंग करने की भारी मात्रा में लेपर,बैग सामग्री बरामद की गई है। जिसमें विधिक वैधानिक जांच के साथ कार्यवाही जारी है। सूत्रों की माने तो नकली कीटनाशक दवाएं बीज खाद बिक्री करने वालों का हापुड़ बाबूगढ़,कुचेसर, गढ़मुक्तेश्वर,देहरा कुटी, सिंभावली, क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर मक्कड जाल फैला हुआ है। यह दुकानदार किसान को खाद, बीज कीटनाशक दवाएं बिक्री करते समय अपनी लच्छेदार बातों में उलझा कर पूर्ण गारंटी देते हैं। लेकिन किसान के द्वारा कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग एवं बीज की बुवाई करने के उपरांत जब पूर्ण रूप से बीज उपजाऊ नहीं होता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र का हनन बताते हुए भाजपा कार्यकताओं ने काले दिवस के रूप में मनाया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



हापुड़/हापुड़ जनपद में भाजपा कार्यकताओं ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के उपलक्ष्य में गोष्टी आयोजित कर मनाया काले दिवस के रूप में। आयोजित की गई संगोष्ठी में पत्रकारों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिम के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने भारत के इतिहास का सबसे दुर्भाग्य पूर्ण दिन बताते हुए उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत में आपातकाल लगाया था।जो लोकतंत्र का उल्लंघन था। भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काले दिवस के रूप में मनाती है।ह्व25 जून 1975, वो तारीख जब इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। देश के इतिहास को बदल देने वाली इस घटना के आज 50 साल पूरे हो गए।50 साल वो समय होता है जब एक देश की दो पीढ़ियां लोकतंत्र के अनुभव हासिल कर परिपक्व हो चुकीं होती हैं। आज देश इस तारीख को याद कर इसके सबक को आत्मघात कर रहा है। आपातकाल लगाने का अंतिम निर्णय इंदिरा गांधी द्वारा प्रस्तावित किया गया था।जिसे भारत के राष्ट्रपति ने स्वीकार किया था। तथा जुलाई से अगस्त 1975 तक मंत्रिमंडल और संसद द्वारा अनुमोदित किया गया था।यह इस तर्क पर आधारित था कि भारतीय राज्य के लिए आसन्न आंतरिक और बाह्य खतरे थे।जबकि सच ये था कि इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 को जो आपातकाल की घोषणा की थी। जिसका मुख्य कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक फैसला था। जिसने उनके चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। इसके अलावा देश में आंतरिक अशांति, राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार के आरोप भी आपात काल लगाने के कारणों में शामिल थे। विपक्ष के विरोध का स्वर पुरे देश मे आंधी की तरह फैलता जा रहा था। जयप्रकाश नारायण जैसे विपक्षी नेताओं ने इंदिरा गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था।जिससे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और अशांति बढ़ रही थी।लोकतंत्र पर खतरा ये आपातकाल था।इंदिरा गांधी द्वारा अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए ये लगाया गया था। आपातकाल के दौरान, नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे।प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी।स्वयं सेवक संघ के सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय स्वयंसेवको को जेल मे डाल दिया गया था। और राजनीतिक विरोधियों को भी गिरफ्तार किया गया था।आपातकाल 21 महीने तक चला और 21 मार्च, 1977 को समाप्त हुआ। आयोजित गोष्ठी में शामिल इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, विधायक विजय पाल आढ़ती, पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, मोहन सिंह, दीपक भाटी, मनोज गौतम, राजीव शर्मा, जतिन साहनी, दीपक गौड़, कुणाल चौधरी रिंकू सैनी आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, ब्रिडकुल, ग्रामीण निर्माण विभाग, एनएच, वैप्कोस और बीआरओ के अधिकारियों को भू-स्खलन संभावित संवेदनशील स्थलों के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस विभाग को सुरक्षा कर्मियों को तैनात किए जाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लगातार हो रही वर्षा के कारण विशेषकर कपकोट क्षेत्र में भू-स्खलन की घटनाएँ अधिक हो रही हैं। इससे आम जनमानस, यात्रियों और वाहन चालकों की आवाजाही अत्यंत जोखिमपूर्ण हो सकती है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे संवेदनशील भू-स्खलन संभावित स्थलों के दोनों ओर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड यथाशीघ्र स्थापित करने के सख्त निर्देश दिए है। जिलाधिकारी भटगांई ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने संस्थान, विभाग के अंतर्गत संवेदनशील मोटर मार्गों को चिन्हित करने और भू-स्खलन संभावित स्थलों के दोनों ओर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि ये बोर्ड रिफ्लेक्टिव सामग्री से बने हों ताकि रात में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दें। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चेयरमैन ने नारियल फोड़कर किया सी सी सड़क निर्माण का शिलान्यास



**वेलकम इंडिया**

**गोवर्धन:** नगर पंचायत के वार्ड नौ वो दस में आर सी सी सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को जल भराव और कीचड़ से निजात मिलेगी। बुधवार को राधाकुंड रोड स्थित संत नगर कॉलोनी व गिरिराज बाग वाले रास्ते पर बनने वाले सी सी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने नारियल फोड़ कर किया। गिरिराज बाग रस्ते पर बनने वाले सड़क का शिलान्यास चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा की उपस्थिति में भूमि विकास बैंक के चेयरमैन चौधरी गोविंद सिंह ने नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास उपरांत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से विकास कार्यों के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि करीब 28 लाख की लागत से दोनों सी सी निर्माण पर आयेगी। इनके बनने से विगत 20 वर्ष से परेशान स्थानीय नागरिकों की समस्या का समाधान होगा। इससे पूर्व स्थानीय नागरिकों ने चेयरमैन का दुपट्टा ओढ़ा कर और प्रतिनिधि का फेंटा बांध कर स्वागत किया।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत बागेश्वर पुलिस द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत बागेश्वर जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर संचालित अभियान में पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय शाह के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/ चौकी क्षेत्रान्तर्गत वृहद रुप में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा युवाओं, आम जनमानस को नशे की लत से होने वाले सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही नशा मुक्ति को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति अभियान में पुलिस व समाज की आपसी सहभागिता और उत्तरदायित्व से अवगत कराते हुए नशे से पीड़ित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर 14446 व अन्य आपातकालीन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

जन सामान्य को नशा उन्मूलन संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। साथ ही उपस्थित व्यक्तियों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा ई-प्रतिज्ञा अभियान पर मादक पदार्थो से होने वाले नुकसान से स्वयं को और समाज को दूर रखने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। ड्रग्स के विरुद्ध गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1933 एवम् मानस पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।




# नगर व्यापार मंडल चुनाव के लिए चुनाव समिति गठित



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,**-प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई की नगर के प्रतिष्ठित होटल में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव दो महीने बाद होंगे। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए चुनाव समिति का गठन कर दिया है। राजेंद्र परिहार को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति जल्द समस्यता अभियान चलाएगी। उसके बाद चुनाव होंगे। पिंडारी मार्ग स्थित नरेंद्रा पैलेस में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी और संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जोशी ने बताया कि नगर कार्यकारिणी का कार्यकाल दो महीने का रह गया है। इसके बाद चुनाव होंगे। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। नगर अध्यक्ष कवि जोशी को प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने छह महीने के लिए निष्काशित करने के बाद अब तक प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपना फैसला नही बदला है। बैठक में चर्चा में कमेटी सदस्यों ने कहा कि उन्होंने बगैर प्रदेश अध्यक्ष की सहमति के उनके पद व नाम का उपयोग किया था। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए उन्हें निष्कासन दिया था।कमेटी में अब आगामी चुनाव में नगर अध्यक्ष दोबारा अध्यक्ष पद की दावेदारी कर पाएंगे या नही, इस पर भी चर्चा हुई।पर इसके लिए चुनाव कमेटी प्रदेश अध्यक्ष के आदेश के बाद ही अपना फैसला दे सकती है।जिलाध्यक्ष बबलू नेगी ने बताया कि नए चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके लिए चुनाव समिति बना दी है। राजेंद्र परिहार को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इस पूरी प्रक्रिया में दो महीने का समय लग जाएगा।


# मकान मालिक ने किराएदारों पर लगाया मारपीट का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने किराएदारों पर मारपीट कर उसके घर का ताला लगाकर पीड़ित व उसकी पुत्री को घर से निकाल दिया पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी सईद मैं थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने अपने दूसरे मकान में आदिल नामक व्यक्ति को घर किराए पर दे रखा है। पीड़ित का आरोप है की आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से ताला लगा दिया। जब पीड़ित व उसकी पुत्री अपने मकान पर पहुंचे तो आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित को मारपीट कर निकाल दिया। और उसके घर का ताला लगा रखा है पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# पर्यावरण को दूषित कर रही हैं टाउनशिप के एसटीपी प्लांट में फैली अव्यवस्थाएं

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी नगर टाउनशिप का एसटीपी प्लांट इन दिनों रिफाइनरी व आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, कारण है एसटीपी प्लांट में अव्यवस्थाओं का फैलना। लम्बे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। पूर्व में यहां कीटनाशक दवाओं का छिड़काव इत्यादि भी किया जाता था, लेकिन अब कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी नही किया जाता है और एसटीपी प्लांट में कार्य करने वाले मजदूरों को भी मजबूरी में बिना सेफ्टी उपकरणों के ही कार्य करना पड़ता है। जिसकी शिकायत मजदूरों ने पूर्व में टाउनशिप स्थित सम्पदा कार्यालय में भी की है, लेकिन इस ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं है। सबसे बड़ी हैरानी वाली बात यह है कि टाउनशिप में लगा हुआ एसटीपी प्लांट मानकों को ताक पर रखकर चलाया जा रहा है, एसटीपी



प्लांट से निकले दूषित जल को बाद गांव के खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिसकी वजह से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है और रिफाइनरी क्षेत्र में बीमारियां बढ़ने का खतरा भी मंडरा रहा है। एक ओर तो रिफाइनरी ₹ हरित रिफानइरी स्वच्छ रिफाइनरी ₹ का श्लोगन लोगों को सुनाती है, वहीं रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों की नाक के नीचे एसटीपी प्लांट ही मथुरा रिफाइनरी के श्लोगन की धज्जियां उड़ा रहा है और रिफाइनरी प्रबंधन ने भी इस ओर कोई ध्यान नही दिया है। आगामी समय में मानसून भी आएगा, बारिश के मौसम में टाउनशिप के एसटीपी प्लांट से टाउनशिप सहित आसपास के क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा, रिफाइनरी प्रबंधन अभी भी अपनी कुंभकर्णीय नींद से नही जागा तो, नगर वासियों सहित क्षेत्रीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। एसटीपी प्लांट में कार्य करने वाले पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स रिफाइनरी नगर यूनिट के अध्यक्ष दिलीप दुबे ने कहा कि एसटीपी प्लांट में कार्य करने वाले मजदूर बिना सेफ्टी उपकरणों के अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं, मानकों के विपरीत एसटीपी प्लांट को चलाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। लेकिन एसटीपी प्लांट पर रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, हालांकि खानापूर्ति के लिए कुछ अधिकारी एसटीपी प्लांट पहुंचे तो थे, लेकिन वहां बने तालाब की दुर्दशा उन्होंने नही देखी। बाहर से ही प्लांट का निरीक्षण करके निकल गए। वहीं रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल का कहना है कि मीडिया के माध्यम से एसटीपी प्लांट का मामला संज्ञान में आया है, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जल्द ही एसटीपी प्लांट में चल रही खामियों को दूर किया जाएगा।

# ई-रिक्शा चालक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**कांधला।** कस्बे के सलेमपुर मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर उसके पुत्र के साथ मारपीट करते हुए उसकी ई-रिक्शा छीनकर ईंट भट्टे पर खड़ी करने का आरोप लगाया है पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के सलेमपुर रोड निवासी महबूब ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र महफूज ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार की शाम को उसका पुत्र महफूज नगर के दिल्ली बस अड्डे पर अपनी ई रिक्शा लेकर खड़ा हुआ था तभी कस्बा निवासी तीन व्यक्ति पीड़ित के पास आए और उसे गांव भभीसा ईंट भट्टे पर किराए पर ले गए। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि तीनों लोगों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट करते हुए उसकी ई रिक्शा छीन कर भट्टे पर खड़ी कर ली। देर रात तक जब उसका पुत्र घर नहीं पहुंचा तो पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी।

# हरियाणा के तीसरे सेवा गोल्ड बने राजेन्द्र सपडा

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सपडा को सिरसा में आयोजित कार्यशाला के दौरान सेवा गोल्ड सम्मान से नवाजा गया। प्रदेश अध्यक्ष सपडा ने सेवा संघ को उल्लेखनीय योगदान दिया जिसके कारण उन्हें सेवा गोल्ड सम्मान से नवाजा गया। इस दौरान अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इन्द्र गोयल एवं संरक्षक ड्रॉ योगेश बिदानी एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन एवं राष्ट्रीय सचिव राजिंदर गर्ग ने उन्हें ये सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव मुकेश वर्मा एवं प्रांतीय कोषड्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सपडा ने कहा कि वह आगे भी इसी प्रकार संगठन में सहयोग करते रहंगे।

# कटखने बंदरों ने ग्रामीणों का किया जीना दुश्वार

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव।** उत्पादी बंदरों से ग्रामीण भारी परेशान हैं। बंदरों के झुंड घरों में घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं, सामान उठा ले जा रहे हैं और लोगों पर हमला भी कर रहे हैं। खासकर, छोटे बच्चों और महिलाओं को बंदरों से ज्यादा खतरा है।लोगों का कहना है कि बंदरों की वजह से उनका जीना मुश्किल हो गया है। वे न तो घर से बाहर निकल पाते हैं और न ही अपने घरों में सुरक्षित महसूस करते हैं। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि कुछ दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों की बढ़वार हो गई है। झुंड के झुंड बंदरों ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मियों में बंदर हमलावर हो रहे हैं। लोगों को अचानक काट रहे हैं। बुजुर्ग महिला पुरुषों और बच्चों का छत पर निकलना दूभर कर दिया है। सरेआम फल-सब्जी व छतों पर सूख रहे कपड़ों को उठा ले रहे हैं, तो कहीं घरों में घुस सामान साफ कर रहे हैं। वहीं कूड़ेदानों में निवाला तलाशने के चक्कर में सारा कूड़ा बिखरा रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। इतना ही नहीं भगाने पर उल्टा काटने आ रहे हैं। छतों व बरामदों में सामग्री रखना व घरों के इर्द-गिर्द बागवानी को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। हर वक्त पहरा जरूरी हो गया है। ऐसे में लोग बेहद आजिज आ चुके हैं। गढ़सौली सुखवीर सिंह, उमा तोमर, अभिषेक तोमर, बरौली के हरपाल सिंह परिहार, जादौपुर के सोरन, कन्हैया, रवि पाराशर, पंचम सिंह, नगला बली के रविश, सैदपुर के गुड्डू सरपंच, मोहन सिंह, हथकौली के डा रमेश चंद्र सिकरवार, केदारी, रविन्द्र सिकरवार ने बताया कि बंदर लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। काटने पर रेबीज के इंजेक्शन अलग से लगवाने पड़ते हैं। मौका लगते ही बंदर घरों में कीमती सामान, दवाइयां, चश्मे, मोबाइल तक लेकर भाग जाते हैं। सोनवीर तोमर, महेश प्रधान, बंटी, नेत्रपाल सिकरवार, ओमवीर सिंह, श्यामवीर परिहार, हरिओम, मेहताब सिंह सिकरवार आदि ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों ने कहा है कि बंदरों ने कई बुजुर्गो को काट लिया है, हालत ये हैं कि बंदरों बंदरों से बचने के सारे उपाय फेल हो गए हैं। गुलेल से लेकर पटाखे फोड़ कर बंदरों को डरा रहे हैं फिर भी बंदरों से पार पाना मुश्किल हो गया है। खुले में ग्रामीण महिलाएं रोटी बनातीं हैं तो बंदर तवे से रोटी लेकर भाग जाते हैं। विक्रम सिंह, विनोद, हीरा सिंह चौधरी, राजकुमार, पुष्पेंद्र सिंह, हीरो काका, पूरन पहलवान, सोहन सिंह सिकरवार आदि ने बंदरों से छुटकारे की मांग की है।

# जल जीवन मिशन से अड़ींग को पेयजल मिलेगा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ग्राम पंचायत अड़ींग में यूंतो आधा दर्जन से ज्यादा सबमर्सिबल हैं लेकिन इनके संचालन का ??इंतजाम ठीक न होने से पेयजल की दिक्कत हो जाती है। जल जीवन मिशन में भी यहां बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। तकरीबन 12 करोड़ में एक बड़ी पानी की टंकी के अलावा समूचे गांव में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस बड़ी परियोजना के चलते ग्राम पंचायत ने भी 2 करोड़ में प्रस्तावित दो ओवरहेड टैंकों का निर्माण स्थगित कर दिया है। बीते दिनों क्षेत्रीय विधायक मेघश्याम सिंह ने इस परियोजना के लिए आरक्षित जमीन का भूमि पूजन कर दिया है। करीब 25000 से ज्यादा आबादी वाली अडींग ग्राम पंचायत में साल 2026 के



अंत तक गंगाजल की आपूर्ति होने लगेगी। छाता के बाद अड़ींग में जल जीवन मिशन की सप्लाई का कंट्रोल पॉइंट बनना शुरू हो गया है। यहां तक दो-ढाई फीट ब्यास की पाइपलाइन डालकर आ चुकी है। अब मिशन के लोगों का काम अड़ींग के लिए पूरी क्षमता वाली पानी की टंकी एवं गांव में पाइपलाइन बिछाने का काम करना है। मुखराई-परमदरा गांव की ओर बने परियोजना के कार्यालय, पॉन्ड आदि के लए जगह साल भर पहले आरक्षित की जा चुकी है। क्षेत्रीय विधायक मेघश्याम सिंह ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन कर किया। मिशन द्वारा समूचे गांव में नई पाइपलाइन बिछाने से 70 के दशक की पुरानी पाइप लाइन में लीकेज की समस्या भी खत्म हो जाएगी। साल 2026 के अंकित की है काम हर हालत में पूरा होना है। क्षेत्रीय विधायक द्वारा जल जीवन मिशन के ठेकेदार व इंजीनियरों को हिदायत की गई है कि गांव में कहीं भी पाइपलाइन डाली जाए तो खोदी गई सड़क को साथ के साथ ठीक किया जाए। क्षेत्रीय विधायक मेघश्याम सिंह ने अड़ींग गांव में 65-70 लाख की लागत से तैयार हुए सोलर संचालित 2 आरओ प्लांट को शीघ्र चालू करने के निर्देश डीपीआरओ को एक हफ्ते पूर्व दिए थे लेकिन उन्हें अभी तक चालू नहीं किया गया है। यह आर ओ डेढ़ साल से तैयार हैं। इन्हें संचालित न करने से इनकी सोलर पैनल खराब होने लगी हैं। विधायक ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पंचायत सचिव को प्रधान को भी तत्काल आर ओ चालू करने की हिदायत दी है।

# छोटे शहरों से बड़ा टैलेंट: स्टार फेम इंडिया 2025 का भव्य आयोजन 12 जुलाई को बरेली के द ग्रैंड निरवाना वेन्यू में आयोजित होगा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




बरेली। एबी प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत और सिमरन शर्मा के आयोजन में मिस्टर, मिस, मिसेज स्टार फेम इंडिया 2025 का चौथा सीजन भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। यह कार्यक्रम बरेली के प्रसिद्ध द ग्रैंड निरवाना वेन्यू में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों और खासतौर पर छोटे शहरों से आए हुए प्रतिभागी भाग लेंगे। इस सीजन की खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री एवं बिग बॉस फेम सना सुल्तान खान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जो प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

सिमरन शर्मा इस शो की ऑगेर्नाइजर हैं और उन्होंने पिछले तीन सीजन बेहद सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। उनकी सोच हमेशा से यह रही है कि छोटे शहरों में छुपे टैलेंट को एक बड़ा मंच मिले, ताकि वे भी ग्लैमर, फैशन और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने लिए एक मजबूत पहचान बना सकें। बीते तीन सीजन इस बात के गवाह रहे हैं कि इस शो से जुड़ने के बाद कई प्रतिभागियों को मॉडलिंग, एक्टिंग और ब्रांड एंडोर्समेंट जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन अवसर मिले हैं। सिमरन शर्मा न केवल खुद इस शो की अगुवाई करती हैं, बल्कि उनके परिवार का भी इसमें पूर्ण सहयोग रहता है। उनका मिशन है कि कोई भी प्रतिभाशाली युवा अपने सपनों को सिर्फ इसलिए न छोड़े क्योंकि वह किसी छोटे शहर से है। उनका मानना है कि मंच अगर सही हो, तो प्रतिभा कभी भी सीमाओं में नहीं बंधती। इस कार्यक्रम के जरिए न केवल युवा मॉडल्स को कैटवॉक, पोजिंग और स्टाइलिंग का मंच मिलेगा, बल्कि उन्हें मीडिया एक्सपोजर, सेलिब्रिटी इंटरैक्शन और करियर गाइडेंस भी दी जाएगी। मिस्टर, मिस, मिसेज स्टार फेम इंडिया 2025 न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि यह उन सपनों की उड़ान है जो छोटे शहरों की गलियों से निकलकर बड़े मंचों की ओर बढ़ते हैं। इस आयोजन के माध्यम से एबी प्रोडक्शन और सिमरन शर्मा जैसे आयोजक यह संदेश दे रहे हैं कि भारत का हर कोना टैलेंट से भरा है, बस उसे पहचानने और संवारने की जरूरत है।

# गौतस्कर जुबैर पाया के घर और होटल पर चला बाबा का बुलडोजर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर गौतस्करों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने कुख्यात गौतस्कर जुबैर पाया के घर और होटल पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की है। जुबैर के खिलाफ एक दर्जन से अधिक गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा है। गौतस्कर जुबैर पाया ने अवैध गौकशी से करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति खड़ी की थी। उसने शाहजहांपुर रोड पर करीब 100 वर्ग गज में एक आलीशान होटल और मकान तैयार किया था। प्रशासन ने इस निर्माण को अवैध मानते हुए कार्रवाई की जिसके बाद बीडीए की प्रवर्तन टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची। देखते ही देखते होटल और मकान को जमींदोज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार जुबैर



पाया के खिलाफ कुल 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें अधिकतर गौकशी से संबंधित हैं। उस पर गैंगस्टर एक्ट और गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। कुछ दिन पहले एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जुबैर पाया के घर पर छापा मारा था, जहां भारी मात्रा में प्रतिबंधित गौमांस बरामद हुआ था। बीडीए की टीम की ओर से की गई इस कार्रवाई को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। ध्वस्तीकरण की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर बारादरी थाना पुलिस, पीएसी, और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार विदित कुमार और बीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की नाकाबंदी कर दी गई थी ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न फैले।

# आपातकाल देश के लिए कलंक साबित हुआ: धर्मेश पाण्डेय



वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। बुद्धवार को विकास खंड सेमरियावा के सभागार में आपातकाल दिवस मनाया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। सेमरियावा ब्लाक सभागार में बुद्धवार को आपात काल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आपातकाल एक ऐसी स्थिति है जब सरकार को असाधारण अधिकार प्राप्त हो जाते हैं और सामान्य संवैधानिक प्रक्रियाओं को निलंबित कर दिया जाता है। यह आमतौर पर युद्ध, बाहरी आक्रमण, सशस्त्र विद्रोह, या वित्तीय संकट जैसी स्थितियों में घोषित किया जाता है। आपातकाल के दौरान, सरकार नागरिकों के अधिकारों को सीमित कर सकती है, और संसद या राज्य विधानमंडल के कार्यों को निलंबित कर सकती है। आज ही के दिन 25 जून 1975 में देश में आपात काल लागू किया गया था। जो कि कलंक साबित हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर भी किये। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दीप श्रीवास्तव, योगेन्द्र गौड़, कुणाल सिंह, सर्वेश सिंह, अस्तित्व कुमार, अखिलेश कुमार, राम सूरत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह ने की जनसुनवाई



वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा

नूरपुर : विकास खण्ड सभागार नूरपुर में महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह ने जनसुनवाई की जिसमे 7 शिकायते प्राप्त हुई जिनको सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रश्म की गई उसके बाद नहटौर रोड नूरपुर में माँ सुनैना प्रेरणा महिला माइक्रो एंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया गया।

उसके बाद में ग्रामपंचायत गोहावर जेत में चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणरी योजनाओ के विषय मे जानकारी दी। इस मौके पर तहसीलदार प्रभा सिंह, खंड विकास अधिकारी दिनेश लाल शर्मा, एडीओ सलीम अहमद, दीपक शर्मा, रूबी गुप्ता विकास भवन बिजनोर, रविता राठी पीएमसी बिजनोर, आशु सिंह, सतीश कुमार, स्वाति शर्मा प्रभारी महिला थाना बिजनोर, मुन्नी राठी, राकेश कुमार उपनिरीक्षक ह्यूमेन राइट, शारदा आईसीडीएस नूरपुर,, शुभम चौधरी, कुसुम आबकारी बिजनोर, मित्रलाल, जूही उपनिरीक्षक थाना नूरपुर, विकास शर्मा सदस्य, निजी सचिव मोहित शर्मा, सौरभ शर्मा , लोकेन्द्र सिंह , कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज का 19वां त्रिदिवसीय वार्षिक तिरोभाव महोत्सव 27 जून से

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



वृन्दावन। पत्थरपुरा स्थित श्रीगोपालजी मन्दिर (श्री माध्वगौड़ेश्वर आश्रम) में अनन्तश्री विभूषित श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज का 19वां त्रिदिवसीय वार्षिक तिरोभाव महोत्सव 27 से 29 जून 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारभ 27 जून को शुभादिवास मंगलघट स्थापना के साथ होगा। 28 जून को प्रातः काल अखंड श्रीहरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होगा।तत्पश्चात सायं 05 बजे से ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज का फूल बंगला सजाया जाएगा।साथ ही वृहद संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा।जिसमें कई प्रख्यात संत, विद्वान और धमार्चार्य आदि भाग लेंगे। इसके अलावा 29 जून को प्रातः 08 बजे से पूज्य महाराजश्री की समाधि का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन होगा।तदोपरांत 11 बजे से संत, महंत, ब्राह्मण एवं ब्रजवासी सेवा (वृहद भंडारा) आदि के आयोजन संपन्न होंगे। श्रीगोपालजी मन्दिर (श्री माध्वगौड़ेश्वर आश्रम) के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# मुख्य अभियंता रूहेलखण्ड सिंचाई विभाग ने किया बाढ कार्यो का स्थलीय निरीक्षण



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

धामपुर : सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. के मुख्य अभियंता (स्तर-1) रूहेलखण्ड इंजी. महेश्वरी प्रसाद ने अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन पीलीडाम एवं बाढ कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। तथा बषार्काल में जलप्लावन की स्थिति में सजग रहने एवं नदियों के जलस्तर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पी.के.जैन, पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, गौरव कुमार, शिवेन्द्र भारद्वाज, गजेंद्र सिंह एवं नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पाइप लाइन बिछाने को लेकर खोद डाली नगर की सड़कें



वेलकम इंडिया

शिकारपुर। सरकार द्वारा चल रहे स्वच्छता अभियान को जल निगम पलीता लगा रहा है। जल निगम बुलंदशहर द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। टूटी सड़कें लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जल निगम के अधिकारियों की अनदेखी तथा ठेकेदार की लापरवाही के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर पड़ी रोड़ी पत्थर भी नालियों में जा पहुंचे है जिससे सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है। नगर की जहांगीराबाद चुंगी चौराहे से चैनपुरा रोड, छोटा बाजार, बड़ा बाजार रोड, चैनपुरा से खुर्जा बस स्टैंड रोड आदि सहित नगर की तमाम सड़कें क्षेत्रों में लगभग एक माह पूर्व पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया था लेकिन उसके बाद से इन गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। इससे इन सड़कों पर आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है की स्थानीय लोग कई बार पालिका प्रशासन से इस संबंध में शिकायत भी कर चुके है लेकिन जल निगम के अधिकारियों की अनदेखी व ठेकेदार की लापरवाही के चलते टूटी सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी है।

# हजारों सोगवार के बीच सुपर्द ए खाक हुए सुप्रसिद्ध धार्मिक विद्वान एवं प्रचारक मौलाना मो मुस्तकीम बस्तवी साहब


वेलकम इंडिया



संतकबीरनगर। मंगल के दिन तप्पा उजियार वासियों के लिए शोक का दिन रहा।तबलीगी जमात के सुप्रसिद्ध धार्मिक विद्वान एवं प्रचारक हजरत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम साहब के इंतेकाल की खबर से पूरे बस्ती मंडल में शोक की लहर दौड़ गई।बुधवार की रात दस बजे पांच हजार से अधिक लोगों ने एक साथ नमाज जनाजा तिनहरी माफी गांव स्थित मदरसा में अदा की गई।निजामुद्दीन दिल्ली मरकज से तशरीफ लाए मौलाना मोहम्मद शरीफ अहमद साहब ने नमाज पढ़ाई।नमाज से पूर्व उन्होंने मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम बस्तवी की सेवा एवं योगदान पर प्रकाश डाला।देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में इन्होंने दावत और तबलीग कुरान हदीस की शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। मौलाना साहब की नमाज जनाजा में बस्ती मंडल के सभी जिलों के अलावा गोरखपुर,देवरिया ,कुशीनगर,आजमगढ़,लखनऊ,बाराबंकी,फैजाबाद के शुभचिंतक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।बुधवार के दिन दोपहर से ही रात दस बजे तक मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम बस्तवी के पैतृक गांव तिनहरी माफी आने के सिलसिला जारी रहा। टेमा सेमरियावां मार्ग पर छोटे बड़े वाहनों की काफी भीड़ रही।जो रात बारह बजे तक जारी रहा। दिल्ली से तशरीफ लाए मौलाना मो शरीफ गोरखपुरी ने बताया कि तबलीगी जमात निजामुद्दीन मरकज दिल्ली के सरबराह हजरत मौलाना साद अहमद साहब ने भेजा परिवार को शोक संदेश भेजा है।मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम बस्तवी दीनी खिदमात को फरामोश नहीं किया जा सकता।उन्होंने आह्वान किया कि इनके मिशन को देश विदेश तक मौलाना की तरह फैलाएं।

# एसके नर्सिंग होम में नर्स ने की बच्चे की अदला-बदली, लड़का बताकर दे दी लड़की, परिजन पहुंचे थाने

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




बरेली। शहर के एक नर्सिंग होम में नवजात शिशु को लेकर बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। पीड़ित ने प्रेमनगर स्थित डॉ. एस.के. अग्रवाल नर्सिंग एंड मेटरनिटी सेंटर पर बेटे को बदलकर बेटी थमाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पहले उन्हें बेटे के जन्म की जानकारी दी गई, लेकिन कुछ घंटे बाद अस्पताल ने पलटी मारते हुए बेटी के जन्म की बात कही। घटना बुधवार सुबह की है, सुभाषनगर निवासी आकाश बाबू रत्नाकर की पत्नी काजल को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें डॉ. एस.के. अग्रवाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। सुबह करीब 9:10 बजे काजल ने सफल प्रसव किया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर संध्या अग्रवाल ने परिजनों को बताया कि काजल ने पुत्र को जन्म दिया है। परिजनों का आरोप है कि बेटे के जन्म की सूचना मिलने के बावजूद उन्हें बच्चा दिखाया नहीं गया। कुछ देर बाद अस्पताल की एक नर्स नवजात शिशु को ल्लअन्य जांचल्ल के बहाने अस्पताल के दूसरे यूनिट में ले गई। इसके बाद करीब 3 से 4 घंटे तक परिवार को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। करीब चार घंटे बाद अस्पताल प्रशासन ने अचानक पलटी मारते हुए कहा कि प्रसूता ने बेटे नहीं बल्कि बेटी को जन्म दिया है। इस पर परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में नवजात बदलने की साजिश की गई है और उनके बेटे को किसी और को दे दिया गया है। पीड़ित आकाश बाबू ने इस पूरे मामले में अस्पताल की डॉक्टर संध्या अग्रवाल और स्टाफ नर्स पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रेमनगर थाने में तहरीर दी है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा। प्रेमनगर इंस्पेक्टर ने बताया है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



संतकबीरनगर। विकास खण्ड बेलहर कला सभागार में बुद्धवार को सहायक विकास अधिकारी पंकज सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में साफ सफाई, खुली नालियों की ढकने की व्यवस्था, सड़क और नालियों के किनारे से झाड़ियों और घास को हटाने का कार्य, मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग कार्य कराया जाएगा। वहीं ब्लाक मुख्यालय में आपातकाल दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से कार्य क्रम मनाया गया जिसमें ब्लाक मुख्यालय पर पूरे दिन देश भक्ति गीत बजता रहा लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं उपस्थित लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए हस्ताक्षर भी किए बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अर्जित प्रकाश सहायक विकास अधिकारी पंकज सिंह, सचिव अनूप कुमार, अजित सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, सौरभ चौधरी प्रधान महेश लोधी, रामचंद्र चौधरी, बाबूलाल निषाद,विनय दूवे, धर्मेंद्र लोधी,, सफाई कर्मचारी अध्यक्ष ध्रुव चन्द्र कन्नौजिया, रीशि कुमार, महेंद्र भुआल रामू पंचायत सहायक अध्यक्ष शिवम् सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आगरा के अधिकारियों के साथ मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की गहन चर्चा,ये रहा मुद्दा

**वेलकम इंडिया**



**जनपद आगरा**:-उ0प्र0 सरकार के उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सर्किट हाउस में आगरा के जिलाधिकारी भानू चन्द्र गोस्वामी एवं आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौंड के साथ आगरा के विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यटन केन्द्रों के विकसित करने और आई.टी. सिटी बनाने पर चर्चा की गई। जिसमें आगरा विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग जल निगम की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मीना बाजार की कोठी को शिवाजी महाराज के आगरा से जुड़े शौर्यपूर्ण इतिहास के अध्याय का स्मारक बनाने के लिए उसके अधिग्रहण करने का प्रस्ताव और उस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही को गति प्रदान करने का सुझाव दिये। ताजनगरी स्थित जोनल पार्क को गोविन्द-गीता वाटिका का नाम देकर इसको बृज संस्कृति का केन्द्र बनाते हुए कृष्ण कालीन वृक्ष और वनस्पतियों का रोपण, कृष्ण लीलाओं की मूर्ति और चित्रकारी से चित्रण और वर्णन, उसके एक हिस्से में कृष्ण लीलाओं का मंचन का प्रावधान कर उसे पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव दिया। यमुना किनारा रोड पर जीवनी मण्डी चौराहे से लेकर ताजगंज विद्युत शवदाह गृह के भूखण्ड को नियोजित रूप से विकसित कर और सौंदर्यीकरण कर वहाँ से ताज और एत्माद्दौला का अवलोकन का प्रबन्धन करने का सुझाव दिया। जिससे पर्यटक प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ साथ वही से ऐतिहासिक स्मारकों का अवलोकन कर सकें। कैलाश मन्दिर के पास जहाँ गंगाजल आकर जल संस्थान को उपलब्ध कराया जाता है मन्दिर के निकट उस पर घाट बनाकर स्नान के पर्वों पर गंगा-यमुना संगम स्थल के रूप में विकसित कर स्नान आदि की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। आगरा में नक्षत्रशाला और आधुनिक विज्ञान पार्क हेतु लगभग 03 एकड़ भूखण्ड तलाशने हेतु भी निर्देशित किया जिससे योगी सरकार के द्वारा इस हेतु आवंटित 15 करोड़ रुपए का उपयोग कर शैक्षिक पर्यटन केन्द्र को विकसित किया जा सके। जलनिगम के द्वारा गढी भदौरिया से लेकर अलबतिया क्षेत्र तक गंगाजल आपूर्ति और सीवेज सिस्टम विकसित करने हेतु सड़कों की जो खुदाई की गई है उस पर शीघ्र पूर्ण रूप से सड़क निर्माण तथा मीना बाजार की कोठी से मारूति स्टेट चौराहे होते हुए 100 फुटा अलबतिया रोड के चौड़े सेन्ट्रल चैनल को खूबसूरत फूलों के पौधों से आच्छादित करने और उस पर टहलने हेतु पथ निर्माण करने का सुझाव दिया जिससे एक ओर पर्यावरण सुधरेगा वही दूसरी ओर सौंदर्यीकरण भी होगा।

# मेरठ कैंट सीईओ जाकिर हुसैन का बीते एक वर्ष का कार्यकाल जनता के लिए राहत भरा, स्टाफ ने दी शुभकामनाएं

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री जाकिर हुसैन का मेरठ छावनी में एक वर्ष का कार्यकाल पुर्ण होने पर बुधवार को कार्यालय स्टाफ जयपाल सिंह तोमर, गिरीश, पीयूष गौतम, राजेश जॉन, प्रमोद कुमार, पूरन, अनुराग, सोहनवीर, अकरम सहित समस्त स्टाफ द्वारा श्री हुसैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। बता दें सीईओ जाकिर हुसैन अपनी साफ सुथरी छवि से जाने जाते हैं मेरठ कैंट में एक वर्ष का कार्यकाल में जनहित में कड़े फैसले ले रहे हैं और कैंट की जनता को स्वच्छ हवा पानी स्ट्रीट लाइट व सड़कों की मरम्मत कार्य को लेकर निरंतर प्रयासरत है। विदित हो कि श्री जाकिर हुसैन ने अपने कार्यकाल के दौरान मेरठ कैंट की साफ-सफाई को लेकर कड़े फैसले लिए, उनका मुख्य फोकस अवैध निर्माण, अवैध डेयरियों पर बड़ी कार्यवाही व स्वच्छता को लेकर कैंट के आठ वार्डों में पांच वार्डों की साफ-सफाई का ठेका जनहित में फैसला लेते हुए प्राईवेट कंपनी को सौंपा गया है जिसमें सफाई, नाला सफाई को लेकर युद्धस्तर पर निरंतर कार्य जारी है। हाल ही में आये भंयकर तूफान के बीच हुई आपदा से निपटने के लिए सीईओ पूरी रात स्टाफ सहित सुरक्षा व्यवस्था व आपदा से हुई हानि में बचाव कार्यों में निरंतर प्रयासरत रहे। सीईओ जाकिर हुसैन ने बीते एक वर्ष में अवैध निर्माण पर कड़े कदम उठाए जिसमें दर्जनों अवैध निमार्णों पर ध्वस्तीकरण व भवन सीलिंग की कार्रवाई की। दूसरी तरफ लालकुर्ती क्षेत्र में मैदा मौहल्ला बकरी मौहल्ला में दर्जनों अवैध पशु डेयरीयो को हटाया गया और अतिक्रमण द्वारा डेयरी संचालकों से कई एकड़ रक्षा भूमि कब्जा मुक्त करवाई गई तथा स्वच्छता को लेकर बुचरी रोड पर बड़े पार्क बनाने कार्य किया जिसमें हजारों सुगंधित पुष्प पौधे लगाने का काम किया।

# जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल खुलने पर छात्रों का माल्यार्पण कर किया स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर/पहासू/**बुधवार जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल सुरजावली में गर्मियों की छुट्टियों के बाद प्रथम दिवस पर समस्त स्टाफ द्वारा छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर तथा टीका कर स्वागत किया इस मौके पर स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा प्रधानाध्यापक गोरखपाल सिंह ने अवगत कराया की आज से विद्यालय छुट्टियों के बाद स्कूल खोल दिया गया है तथा सभी बच्चों से गर्मियों के अनुभव की जानकारी ली जाएगी तथा गृह कार्य का निरीक्षण किया जाएगा प्रबंधक सोमलता राज ने अवगत कराया शिक्षा वह हथियार है जिसके द्वारा हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं।इस मौके पर प्रधानाध्यापक गौरखपाल सिंह प्रबंधक सोमलता राज खुशी काजल आकांक्षा सचिन कुमार रुपेंद्र कुमार तथा अनेक छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# संत भवन ध्वस्तीकरण के विरोध में सर्व समाज ने निकाली प्रभात फेरी

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




मेरठ के थाना ब्रहमपुरी स्थित सरस्वती लोक कालोनी स्तिथ जैन समाज संत भवन के ध्वस्तीकरण के विरोध मे बुधवार को बड़ी संख्या में महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने एकत्रित होकर मेरठ विकास प्राधिकरण के ध्वस्तीकरण के आदेश के विरोध मे प्रभात फैरी निकली प्रभात फेरी मे सरस्वती लोक के सर्व समाज के लोगों ने सहयोग किया और कठोर संदेश दिया कि किसी भी असमाजिक तत्वों के बहकावे में आकर यदि मेरठ विकास प्राधिकरण ने कोई भी कार्यवाही करने की कोशिश की तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित जन समूह के हाथों में भिन्न भिन्न प्रकार के नारों की लिखी हुई तख्तियाँ एव धर्म के झण्डे लिये हुए थे।इस मौके पर उपस्थित सूरजभान सिंघल जी ने कहा कि जैन समाज हिन्दू समाज का अभिन्न अंग है। यह समाज सभी धर्मों का सम्मान करने वाला व सभी के सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा रहने वाला है। एक समाज विरोधी व्यक्ति अपनी हरकतों से निरंतर द्वेष फैलाने का कार्य कर रहा है और पुलिस सिर्फ मुक दर्शक बन चुपचाप देख रही है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को संज्ञान में लेकर इस व्यक्ति के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करनी चाहिये।वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने कहा है कि कुछ समाज विरोधी असामाजिक तत्व हिन्दू धर्म के विभिन्न घटकों को आपस में लडाकर सदियों से विभाजन कराते आये है जिसको हम ऐसा कभी नही होने देगे क्योकि मंदिर तोड़ना पाप है।

अग्रबन्धु मित्र मंडल के अध्यक्ष श्रीराम लाल जी ने कहा है कि जैन समाज व अन्य समाज के लोग कालोनी में भाई भाई की तरह रहते है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा जैनो का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं करेगे।

ब्राहमण समाज के अरविन्द जी ने कहा है कि जैन समाज के लोग हमारे भाई है उनपर किसी भी व्यक्ति के द्वारा दबाव बनाकर कालोनी से पलायन नहीं करने देगे।सकल सरस्वती लोक परिवार ने कहा है कि नफरत नहीं हम प्रेम के आदि है. हमे गर्व है कि हम हिन्दुतवादी है।अग्रबन्धु के महांगत्री सतीश बंसल जी ने कहा है कि असत्य की उम्र कम हो या ज्यादा लेकिन सत्य हमेशा अमर होता है।

# मूसलाधार बारिश से सड़कें जलमग्न पालिका पर लापरवाही का आरोप



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो बरसात के पानी से सड़के जलमग्न हो गई नगर के कई व्यापारियों की दुकानों में पानी घुस जाने से हजारों का नुकसान हो गया। सड़के जलमग्न होने से नगर के लोगों ने पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया कई लोगों ने सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो वायरल करते हुए निस्तारण की मांग की है। बुधवार सवेरे नगर एवं क्षेत्र में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई मूसलाधार बारिश होने से नगर एवं क्षेत्र की सड़क बरसात के पानी से जलमग्न हो गई। नगर के कई लोगों ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल करते हुए पालिका अध्यक्ष द्वारा किए गए चुनाव में वादों का हवाला देकर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

नगर निवासी डॉक्टर रश्मिकांत जैन, जुनैद वकील, किरणपाल, ओमपाल, मुकेश, आरिफ, सहित आदि लोगों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन समय रहते अगर नालों की सफाई करता तो सड़के जलमग्न नहीं होती। पालिका अध्यक्ष ने चुनाव में जो वादे किए थे वह पूरा नहीं कर सके पालिका अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। इस दौरान मूसलाधार बारिश होने से नगर के रेलवे मार्ग, गंगेरू मार्ग, मोहल्ला खेल सहित आदि स्थानों पर सड़के जलमग्न रही। नगर पालिका परिषद, विकासखंड कार्यलय,सरकारी अस्पताल, थाना परिसर सहित आदि सरकारी संस्थानों में भी बरसात का पानी घुस गया। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों एवं विकासखंड सचिव की लापरवाही से नालों की सफाई नहीं हुई जिस कारण सड़के जलमग्न रही और बरसात का पानी सूख जाने पर सड़के कीचड़ से लबालब दिखती नजर आई। बरसात बंद होने पर पालिका प्रशासन ने नगर में नालों की सफाई का अभियान चलाया। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने नगर में नालों की साफ श-सफाई का निरीक्षण कर पालिका कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए और पालिका के सफाई लिपिक को कड़ी फटकार लगाई।पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और नगर में तत्काल प्रभाव से नालों की सफाई कराई जा रही है।

# रूस की आस्ट्राखान स्टेट यूनिवर्सिटी और एमआईईटी ग्रुप के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु एमओयू साइन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और शोध सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रूस की प्रतिष्ठित आस्ट्राखान स्टेट यूनिवर्सिटी और एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मेरठ के बीच एक सहमति ज्ञापन (टङ्गव) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता एमआईईटी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और यूनिवर्सिटी के रेक्टर आई. ए. अलेक्सीव द्वारा औपचारिक रूप से संपन्न किया गया। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक व अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी की जाएगी। इसमें शिक्षकों, शोधकताओं, छात्रों और पीएच.डी. स्कॉलर्स का आपसी आदान-प्रदान, इंटर्नशिप कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, शोध डेटा का आदान-प्रदान और एक-दूसरे के अनुसंधान केंद्रों तक पहुंच शामिल है। दोनों संस्थान मिलकर शोध पत्रों, रिपोर्टों एवं अन्य अकादमिक प्रकाशनों का सह-प्रकाशन करेंगे तथा संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलनों और टेली-कॉन्फ्रेंस जैसे कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त, पीएच.डी. शोध प्रबंधों के लिए संयुक्त निर्देशन, डबल डिग्री सहित संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों का विकास, शिक्षकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण एवं पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस सहयोग का हिस्सा होंगे। दोनों संस्थान भविष्य में अन्य संभावित क्षेत्रों में भी साझेदारी को विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत, मां गम्भीर रूप से घायल, पिता चोटिल

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के ठठरा गांव तमाचाबाद (मिजार्मुराद) स्थित हाइवे के कट के पास बुधवार की सुबह स्कूटी से बच्ची व पत्नी को लेकर गोपीगंज जा रहे स्कूटी सवार को वाराणसी से प्रयागराज जा रही ने ट्रक ने धक्का मार दिया।जिससे मां की गोद में बैठी मासूम बच्ची ट्रक के पहिने के नीचे आकर कुचल गई।घटना स्थल पर ही मासूम की मौत हो गई वही महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई स्कूटी चला रहा युवक मामूली रूप से चोटिल हो गया।जानकारी के अनुसार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र कर रामापुर गांव निवासी सनोज गौतम अपनी पत्नी अर्चना सरोज उम्र (28) वर्ष के साथ स्कूटी से अपनी मासूम बच्ची त्रषिता नौ माह को दिखाने भदोही जिले के गोपीगंज स्थित एक अस्पताल जा रहे थे जैसे ही तमाचाबाद गांव के सामने सर्विस रोड किनारे बने कट से हाइवे पर चढ़े वाराणसी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया।जिससे स्कूटी पर मां के गोद में बैठी मासूम बच्ची त्रषिता छिटकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गई सिर कुचल जाने से घटना स्थल पर ही बच्ची की मौत हो गई वही अर्चना गम्भीर रूप से घायल हो गई स्कूटी चला रहा सनोज स्कूटी समेत दूसरी तरफ गिरा जिससे उसको मामूली चोट आई।ग्रामीणों ने घटना की सूचना कछवांरोड चौकी पर दिया सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी गणेश पटेल ने मासूम बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के साथ गम्भीर रूप से घायल महिला को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजकर भर्ती करवाया महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# ई रिक्शा में बैठने के दौरान महिला का हुआ प्रसव पति ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर जिला महिला चिकित्सालय बुलंदशहर में प्रसव के लिए आई महिला को चिकित्सकों ने हड्डी बढ़ी हुई बताकर टरकाने का आरोप। बताया जा रहा है कि जब महिला के पति ने विरोध किया तो चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। जबकि अस्पताल से नीचे आकर ई-रिक्शा में बैठने के दौरान महिला का प्रसव हो गया। बताया जा रहा है कि फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। गांव सदरपुर निवासी कुशलपाल अपनी पत्नी अन्नपूर्णा को प्रसव के लिए मंगलवार रात जिला महिला अस्पताल में लेकर पहुंचे थे। कुशलपाल ने बताया कि पहले तो चिकित्सकों व स्टाफ ने उनकी पत्नी को देखा नहीं और घंटों बाद देखने आए तो हड्डी बढ़ी हुई बताकर प्रसव करने से इनकार कर दिया। इसके बाद जब इसका विरोध किया तो स्टाफ ने उनकी पत्नी को रेफर कर दिया।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी, मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला,मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी महिला ने गांव के दो युवकों पर बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव मटनावली निवासी महिला राजो पत्नी पूरन सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता कई दिन पहले अपने मकान का ताला लगाकर हरियाणा में दवाई लेने गई थी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता जैसे ही अपने घर पहुंची तो पीड़िता के मकान का ताला टूटा हुआ था और मकान के अंदर गांव के ही रॉबिन और राजेश मौजूद थे।आरोप है कि दोनों युवकों ने पीड़िता के मकान में रखें दो कट्टे गेहूं व बीस किलो चावल चोरी कर लिए। पीड़िता ने विरोध किया तो दोनों युवकों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएग।

# अवैध अतिक्रमण को लेकर डीसीपी ने सब्जी मंडी का किये निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के ठठरा गांव तमाचाबाद (मिजार्मुराद) स्थित हाइवे के कट के पास बुधवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मासूम बच्ची की मौत की खबर सुनकर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच निरीक्षण करने के बाद सब्जी मंडी पहुंच अतिक्रमण को लेकर गहन निरीक्षण किया।डीसीपी ने सब्जी मंडी से लेकर कछवांरोड चौराहे तक सर्विस रोड पर अवैध रूप से दुकान लगाने वाले ठेला वालों को सख्त निर्देश दिये कि किसी भी हालत में रोड के किनारे ठेला नही लगना चाहिए।डीसीपी ने कहां की मंडी क्षेत्र में अनेक दुकानदार मंडी परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के बावजूद जानबूझकर अपनी दुकानें सड़क और फुटपाथ पर लगाते है।सुबह में तो स्थिति यह हो जाती है कि हाईवे की पूरी एक लेन पर ठेले और अस्थायी दुकानें सजा दी जाती हैं, साथ ही भारी मालवाहक ट्रक भी मंडी के अंदर न जाकर हाईवे पर ही माल उतारते है जिससे आमजन, स्कूली बच्चे और वाहन चालक भारी परेशानी में पड़ जाते हैं एवं आए दिन सड़क दुर्घटना भी होती रहती हैं।डीसीपी सख्त हिदायत देकर बोले की अगर आगे से सड़क पर किसी भी दुकानदार द्वारा अतिक्रमण पाया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।किसी भी दुकान के सामने खड़ी वाहन से अगर दुर्घटना होता है तो दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।यह निर्देश आमजन की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने और लगातार हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए दिए गए हैं।इस दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# किसान, मजदूर, व्यापारी ने मिलकर कस्बा निवाड़ी में नाला निर्माण की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी के सभासदगण व कस्बे के किसान मजदूर, व्यापारी मिलकर कस्बा निवाड़ी में निवाड़ी धोलडी मार्ग पर बस अड्डे के पास जो तालाब है। उस पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा ए राजनीति के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी की अध्यक्षता में इकट्ठे हुए कस्बा निवाड़ी के घरों का पानी जो कच्चे नाले में आता है। वह कच्चा नाला कभी भी टूट जाता है। उसका पानी खेतों में भरने से करीब एक दर्जन से ज्यादा किसानों के खेतों में भरने से टमाटर, तोरी लोकी व धान की फसल पानी भरने से नष्ट हो जाती है इस नाले को बनवाने के लिए करीब चार योजनाएं नगर पंचायत निवाड़ी की गुजर चुकी है। हर योजना में इस नाले को बनवाने के लिए लिखित में नगर पंचायत अधिकारियों को कई बार दे चुके हैं मगर इस पर आज तक कोई भी सुनवाई नहीं हो पाई है यह तालाब और खेत जिसमें पानी भरा हुआ है। यह कस्बे के बिल्कुल नजदीक है पानी भरने से कस्बे में बीमारी फैलने का कस्बा वासियों को डर सता रहा है। मच्छर होने से डेंगू का फैलने का भी डर सता रहा है। इस तालाब का नाही सौंदर्य करण किया गया नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का निवाड़ी कस्बे पर ध्यान ना देना निवाड़ी धोल्डी मार्ग हनुमान चौक से जो सड़क होली चौक तक जाती है। वह जर्जर हो चुकी है उसका टेंडर होने के बावजूद उसे पर पत्थर तो डाल दिए गए मगर कई माह होने के बावजूद उसको अभी तक नहीं बनाया गया। जिसको लेकर किसान व मजदूरो में बड़ा रोश है। किसान व मजदूर व व्यापारियों को आने-जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कई बाइक सवार फिसल कर गिरने से चोटिल हो चुके हैं। जल्द से जल्द इस कच्चे नाले को नहीं बनवाया गया व इस तालाब का सौंदर्य करण नहीं करवाया गया वह इस सड़क को जो कई माह से जर्जर हो चुकी है उसको नहीं बनवाया गया तो कस्बे के सभासद गण कस्बे के किसान, व्यापारी व मजदूर मिलकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा ए राजनीतिक के बैनर तले अनीश शीतकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। जिसकी समझ जिम्मेदारी शासन में प्रशासन वह नगर पंचायत अधिकारियों की होगी।

प्रदर्शन करने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा ए राजनीतिक के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, सभासद राजन त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद नितिन बंसल, सभासद जगदीश कुमार, सभासद कदीर खान, किसान राधेश्याम, किसान राज प्रकाश, किसान राजपाल, सचिन त्यागी, मदनलाल फौजी, जय भगवान फौजी, निक्कू त्यागी, पूर्व सभासद अवनीश त्यागी, कपिल गर्ग, कमल त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला शक्ति ने गौ माता को शरबत की सेवा दी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** श्री वैश्य कुटुंब सेवा समिति (रजि.) मोदीनगर महिला इकाई, जनपद गाजियाबाद के तत्वावधान में गौशाला की समस्त गौ माताओ को शरबत पिलाने की सेवा दी गई। आयोजन का नेतृत्व नगर महिला अध्यक्ष श्रीमति राधिका गुप्ता का रहा। प्रदेश चेयरमैन श्रीमति वर्षा गुप्ता ने सभी को नियमित गौ की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में सर्व श्रीमति शानू अग्रवाल, पूजा सिंघल, शालिनी गोयल, रजनी मित्तल, कल्पना गुप्ता, कविता गोयल, मीना तायल, रुबी गुप्ता, राशि संघी, हर्षिता गर्ग, प्रीति सिंघल, एकता अग्रवाल, मनीषा मित्तल, रीता दानी, शालिनी गर्ग, भावना मोदी, प्रियंका मोदी, अंजलि मोदी, ऋतु जैन, मोनिका जैन, निशु अग्रवाल, प्रीती सिंघल, नीतू कंसल, नूति गुप्ता, सीमा अग्रवाल, प्राची गुप्ता, विनीत बंसल, निशु गुप्ता, पूनम बंसल एवं ऋतु जैन जी ने बढ़ चढ़कर सेवा की। आयोजन संयोजक श्रीमति राधिका गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश राज्य महिला आयोग, सदस्या डा.हिमानी अग्रवाल ने मोदीनगर व लोनी में की महिला जनसुनवाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की माननीय सदस्या डा.हिमानी अग्रवाल के द्वारा तहसील मोदीनगर एवं तहसील लोनी, गाजियाबाद में महिला जनसुनवाई की गई।

तहसील मोदीनगर में 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसील मोदीनगर में उप जिलाधिकारी, मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती, ए०सी०पी० महिला अपराध, सलोनी अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्री मनोज कुमार पुष्कर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। तदोपरान्त माननीय सदस्या द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मोदीनगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा उ०प्र० सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी ली गयी तथा स्वास्थ केन्द्र की सुविधाओं का भी अवलोकन करते हुए चिकित्सा प्रभारी को स्वास्थ केन्द्र में आने वाले मरीजों का उचित ईलाज करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त अपराह्न 02.00 बजे तहसील लोनी में हुई जनसुनवाई में 08 मामलों का मौके पर निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उप जिलाधिकारी लोनी, राजेन्द्र कुमार, ए०सी०पी० महिला अपराध, सलोनी अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मनोज कुमार पुष्कर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। माननीय सदस्या द्वारा थाना लोनी में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भी औचक निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष लोनी को महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

## तहसील प्रशासन ने 500 बीघा सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराई

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** तहसील मोदीनगर क्षेत्र के गांव सैदपुर–हुसैनपुर –डीलना में तहसील प्रशासन ने करीब 500 बीघा सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उस पर अपना कब्जा कर लिया है। तहसीलदार रजत सिंह ने बताया कि बताया कि तहसील तहसील प्रशासन द्वारा उप जिला अधिकारी निखिल चक्रवर्ती के दिशा निर्देशों पर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के साथ–साथ सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के गांव सैदपुर–हुसैनपुर –डीलना में सरकारी जमीन पर गांव के लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर तहसील प्रशासन की टीम द्वारा उक्त गांवों की जमीन की पैमाइश कराई गई।

# काईट ने एआईसीटीई आईडिया लैब की स्थापना हेतु नैसकॉम, ओमानसिस इंफो सॉल्यूशंस और एचसीपी टेक्नोलॉजीज के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली-एन०सी०आर गाजियाबाद स्थित काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने नवाचार, कौशल विकास और उद्यमशील सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नैसकॉम, ओमानसिस इंफो सॉल्यूशन्स, और एचसीपी टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी एआईसीटीई समर्थित आईडिया लैब की स्थापना के लिए की गई है, जो ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है। संस्थान को एआईसीटीई आइडिया लैब (केआईईटी) स्थापित करने के लिए एआईसीटीई से अनुदान प्राप्त हुआ था। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला संस्थान के परिसर में स्थापित की जा रही है, जो छात्रों और फैकल्टी को उनके नवीन विचारों को व्यावहारिक समाधान और प्रोटोटाइप में बदलने के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और तकनीकी आधार प्रदान करेगी। यह पहल छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, रैपिड प्रोटोटाइपिंग आदि जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में दक्ष बनाने में सहायक होगी। समारोह की शुरूआत सम्मानित अतिथियों और भागीदारों के स्वागत से हुई, इसके बाद प्रयोगशाला की संभावनाओं और संस्थान पर इसके प्रभाव को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। श्रीमती कृति गुप्ता, पार्टनर रिलेशनशिप मैनेजर, नैसकॉम फ्यूचरस्किल्स, ने अपने संबोधन में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नैसकॉम फ्यूचर स्किल्स प्लेटफॉर्म कैसे डिजिटल कौशल निर्माण, प्रमाणन कार्यक्रमों और मेंटरशिप के माध्यम से छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनकी टीम एम्बेडेड सिस्टम्स, डिजाइन थिंकिंग और नई तकनीकों के क्षेत्र में छात्रों का मार्गदर्शन करेगी। श्री तुषार गौतम, तकनीकी बिक्री एवं विपणन अभियंता, एचसीपी टेक्नोलॉजीज, ने तकनीक-सक्षम अवसंरचना की भूमिका को स्पष्ट किया और बताया कि कैसे यह लैब छात्रों को वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए तैयार करेगी। डॉ. आदेश पांडे, डीन - एकेडेमिक्स, काईट, ने कहा कि संस्थान की शैक्षणिक स्वायत्तता उसे पाठ्यक्रम में तेजी से परिवर्तन करने की स्वतंत्रता देती है, जिससे वह वैश्विक तकनीकी रुझानों के अनुसार छात्रों को शिक्षित कर सके। उन्होंने इस समझौते को रूपांतरणकारी शिक्षा और सामाजिक प्रभाव के लिए संस्थान की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बताया।

# डॉ.हिमानी का फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पीड़ित व वंचित महिलाओं को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है। शिक्षा, चिकित्सा व अन्य सभी क्षेत्रों से जुड़ी जो भी समस्याएं महिलाएं आज पीड़ित है उनके जल्द से जल्द निस्तारण करना योगी सरकार व महिला आयोग की पहली प्राथमिकता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे जिले व तहसील स्तर पर जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। छाया स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी द्वारा डॉ.हिमानी का समस्त स्टाफ के साथ फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया गया।

# शहीद राजबीर सिंह के 25 वें शहीदी दिवस पर ढाणी सांकरी गांव में रक्तदान शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया



**हांसी। मनमोहन शर्मा।** शहीद राजबीर सिंह के 25वें शहीदी दिवस के अवसर पर ढाणी सांकरी गांव में में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहीद की स्मृति में समर्पित था, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 133 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीएम राजेश खोथ द्वारा किया गया, उन्होंने रक्तदाताओं को समाज के हीरो बताते हुए युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। शिविर की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नरेश नरवाल ने की, जिनकी प्रेरणा से यह आयोजन और भी प्रभावशाली बना। एसडीएम राजेश खोथ ने रक्तदाताओं को पौधों की भेंट देकर उनका आभार व्यक्त किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी के जीवन को बचा सकता है, और शहीदों की स्मृति में ऐसे आयोजनों से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना और भी प्रबल होती है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, चिकित्सा विभाग की टीम, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से किया गया, जिसमें चिकित्सा सुविधाएं, पंजीकरण और रक्त संग्रहण की प्रक्रिया अत्यंत सुव्यवस्थित रही। आयोजकों और ग्रामवासियों ने शहीद राजबीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

# नेहा की मृत्यु के लिए क्या हिन्दू परिवार, संगठन और धर्म गुरु दोषी नहीं - दिव्य अग्रवाल (लेखक एवं विचारक)

वेलकम इंडिया



इस्लामिक जिहाद के चलते असंख्य ऐसी घटनाएं ऐसी हो चुकी हैं जिसमें मुस्लिम युवको ने हिन्दुओ की लड़कियों के साथ दुराचार, बलात्कार, हत्या, सामूहिक दुष्कर्म आदि जैसी अमानवीय कुकृत्य किए हैं। हिन्दू परिवार आज भी इस्लामिक समाज के लोगो को अपने घरो के अंदर न सिर्फ प्रवेश देते हैं अपितु भाई, बेटे, चाचा जैसे अनेको पारिवारिक सम्बन्ध बना लेते हैं। ज्योति नगर दिल्ली वाली घटना में तौफीक नाम का टेलर पीड़ित परिवार के मोहल्ले में कई वर्षो से दर्जी का कार्य करता था जो अच्छी तरह जानता था की तीन बहनो के परिवार में भाई बनकर उनके मनोभाव के साथ खिलवाड़ कर उनके करीब जाना बहुत सरल है तत्पश्चात तौफीक ने वो ही किया जो एक काफिर के साथ मजहबी किताब के अनुसार किया जाना चाहिए। मरने वाली बिटिया दलित हिन्दू परिवार से है पर किसी भी दलित जनप्रतिनिधि का सामर्थ्य नहीं जो इस हत्या का विरोध कर सके क्यूंकि मारने वाला जय मीम समुदाय का है। दिल्ली में न्यूनतम मध्यम एवं मध्यम परिवारों की कॉलोनियों को इस्लामिक समाज ने घेर रखा है इन लड़को के पास अथाह धन इस्लामिक मदरसे और संगठनो के पास से आता है जिस धन के बल पर आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे परिवारों की लड़कियों का शिकार करना इन जिहादियों के लिए अत्यंत सरल हो जाता है। पीड़ा तो उन हिन्दू संगठनों से भी होती है जो राष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम भाईचारा बनाने के नाम पर हिन्दू लड़कियों से मुस्लिम लड़को को राखी बंधवाते हैं जबकि इस्लाम में बहन और बेगम की परिभाषा सनातन धर्म से बिलकुल अलग है। उन हिन्दू धर्म गुरुओ का भी दोष कम नहीं जो व्यास पीठ पर बैठकर, अपनी कथाओं से हिन्दू मुस्लिम भाईचारा, अली मौला और राम रहीम एक होने का उपदेश देते हैं। इसी भाईचारे की भावना से भ्रमित होकर हिन्दू लड़कियां दुर्गति को प्राप्त होती हैं। राजनितिक और निजी लाभ को त्यागकर इस्लाम की वह मजहबी शिक्षा जो गैर इस्लामिक समाज के प्रति अमानवीयता करने को प्रेरित करती है उसकी जानकारी प्रत्येक गैर इस्लामिक पुरुष, महिला एवं बच्चो तक पहुंचानी चाहिए अन्यथा नेहा जैसी अनेको लड़कियां इस क्रूरतम जिहादी सोच की भेंट चढ़ चुकी हैं और आगे भी चढ़ती रहेंगी।

# दमन साहित्य महोत्सव में स्वर्ण मुकुट पहनाकर किया गया पंडित सुरेश नीरव को सम्मानित

डॉ शंभू पंवार



**नई दिल्ली।** 25 जून। अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति का तीन दिवसीय बाईसवां राष्ट्रीय अधिवेशन पूरी दिव्यता और भव्यता के साथ एक उत्सवधर्मी वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में संस्था का परिचय और स्वागत भाषण का दायित्व गुरुग्राम हरियाणा से आए लोकप्रिय कवि एवं शिक्षा विद् मदन साहनी ने संभाला और उद्घाटन वक्तव्य महाराष्ट्र, मंबई के प्रतिष्ठित साहित्यकार अंतर्राष्ट्रीय भाषा अकादमी और नीलांबरी फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित सागर त्रिपाठी ने दिया। इस अवसर पर विश्व विख्यात साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव को भारत की समग्र भाषाओं के संवर्धन हेतु किए गए उल्लेखनीय रचनात्मक अवदान हेतु संस्था के प्रतिष्ठित अलंकरण साहित्य दधीचि सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान हिंदी उर्दू के लब्धप्रतिष्‌ पंडित सागर त्रिपाठी ने स्वयं मुंबई से आकर अपने कर कमलों से कर्नाटक शैली में पति -पत्नी दोनों को बैठाकर प्रदान किया बेंगलुरु से आए प्रतिष्ठित गीतकार ज्ञान चंद मर्मज्ञ के निर्देशन में कर्नाटकी शैली में यह सम्मान पंडित सुरेश नीरव को दिया गया। पंडित सुरेश नीरव के साहित्य साधना के 75 वर्ष पूरे होने पर रचनाकारों की ओर से मुंबई से आईं डॉक्टर दमयंती शर्मा ने श्री नीरव को मुकुट पहनाया। प्रतिष्ठित पत्रकार और इटावा टाइम्स के संपादक अतुल वीएन चतुर्वेदी ने विशालकाय जन्म दिन केक भेजकर सभी को हतप्रभ कर दिया। प्रथम सत्र में सर्वभाषा कवि सम्मेलन हुआ जो अत्यंत सफल रहा। जिसकी अध्यक्षता लोक प्रिय मालवी कवि डॉ प्रकाश उपाध्याय ने की। दूसरे दिन देश भर से आए साहित्यकारों का सारस्वत सम्मान किया गया और लंच के बाद दूसरे सत्र में राष्ट्रीय कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रतिष्ठित गीतकार ज्ञान चंद मर्मज्ञ ने की।

# देश एवं प्रदेश जनहित में सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे-नागर

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यो की समीक्षा की।

इस दौरान मंत्री नागर ने आमजन को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति पर गंभीरता दिखाते हुए, अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। वहीं जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल आपूर्ति के समय विद्युत सप्लाई बाधित नहीं होनी चाहिए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल के लिए बूस्टर चलाने के लिए अलग से विद्युत की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन जीएसएस के कार्यो में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। नीविदा प्रक्रिया में किसी प्रकार की रूकावट नहीं होनी चाहिए एवं विद्युत से जुड़े कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई कर अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही, संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ कृषि कनेक्शन जारी करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विद्युत तंत्र को सुदृढ करने का काम कर रही है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मा0मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन से पूर्व किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने कैलाश मानसरोवर भवन एवं सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल), साहिबाबाद का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था तथा समस्त अन्य आवश्यक सुविधाओं को समयबद्ध एवं सटीक रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण होनी चाहिए, जिससे कार्यक्रम में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे स्थलों पर निगरानी बनाए रखें और प्रत्येक व्यवस्था का पूर्व परीक्षण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय: मयंक गोयल

वेलकम इंडिया



भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष मयंक गोयल ने 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन करार दिया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का गला घोंटने वाली शर्मनाक घटना थी। गोयल ने कहा कि इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता ने न्यायपालिका, मीडिया, और आम नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया। हजारों निदोर्षों को जेलों में ठूंस दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई, और देश को एक व्यक्ति की तानाशाही में धकेल दिया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस वही मानसिकता रखती है, जो आपातकाल में सामने आई थी। लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले आज जवाब दें कि क्या उन्होंने कभी उस अपराध के लिए सार्वजनिक माफी मांगी है? मयंक गोयल ने युवाओं से अपील की कि वे इस काले दिवस को याद रखें और समझें कि लोकतंत्र की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें और कार्यकर्ता हर स्तर पर संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 27 जून को निकलेगी भव्य रथयात्रा, पुलिस सतर्क



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा को पूर्णतः शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बुधवार को खुद यात्रा के प्रस्तावित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को चौकसी, सतर्कता और सक्रियता के साथ ड्यूटी निभाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने कहा कि रथयात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा से पूर्व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

रथयात्रा रूट भ्रमण के दौरान एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा, एसएचओ कविनगर योगेंद्र सिंह, एसओ मधुबन बापूधाम अखिलेश कुमार सिंह तथा इस्कॉन मंदिर के पदाधिकारी और पुजारीगण भी मौजूद रहे।

# आपातकाल: कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का प्रतीक प्रदीप चौधरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र के लिए सबसे काले दिन की संज्ञा देते हुए कहा कि यह भारत के संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को रौंदने वाला एक काला अध्याय था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने सत्ता बचाने के लिए जिस क्रूरता से संविधान की धज्जियां उड़ाईं, वह तानाशाही का जीवंत उदाहरण है। प्रेस की आजादी पर ताले जड़ दिए गए, न्यायपालिका को झुका दिया गया, लाखों देशभक्तों को बिना किसी अपराध के जेलों में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में भी अनेक लोकतंत्र रक्षकों ने उस समय निडरता से अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई, जेल की यातनाएं सही, लेकिन संविधान की रक्षा से पीछे नहीं हटे। आज भाजपा कार्यकर्ता उन वीर सेनानियों के संघर्ष को नमन करता है और उनके त्याग को नमन करते हुए यह संकल्प दोहराता है कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संविधान की मयार्दा के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। चौधरी ने आगे कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस की सोच पूरी तरह तानाशाही में बदल चुकी थी। यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल की गलती नहीं, बल्कि एक पूरी राजनीतिक संस्कृति की काली करतूत थी, जिसमें भारत को असहाय और भयभीत बना देने का षड्यंत्र किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज भी कांग्रेस उस मानसिकता से पूरी तरह मुक्त नहीं हुई है, वह केवल रूप बदलती है, लेकिन मंशा वही रहती है लोकतंत्र को अपनी सुविधा से चलाना। उन्होंने गाजियाबाद के युवाओं से आह्वान किया कि वे इस दिन को सिर्फ इतिहास न मानें, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग प्रहरी बनें, क्योंकि यदि इतिहास से हम सीख नहीं लेते, तो वही गलतियां फिर दोहराई जा सकती हैं। भारतीय जनता पार्टी उन सभी लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन करती है, जिन्होंने अंधकार में आशा का दीप जलाया और भारत को फिर से लोकतंत्र की रोशनी में लौटाया।

# विकास चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश का स्टेट मेंबर नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा गाजियाबाद में अभिनंदन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद भारत सरकार में उत्तर प्रदेश राज्य सदस्य (स्टेट मेंबर) नियुक्त होने पर हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विकास चतुर्वेदी का गाजियाबाद आगमन पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल की ओर से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। सीतापुर से गाजियाबाद पहुंचे श्री चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किए गए इस आत्मीय अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहाः यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव का विषय है। मैं माननीय राज्य मंत्री भारत सरकार श्री राहुल द्विवेदी जी (चेयरमैन) एवं श्री सर्वेश पाठक जी (वॉइस चेयरमैन) का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझ पर यह विश्वास जताया। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के कार्यों में उत्तर प्रदेश में भरपूर योगदान दूँगा। इस अवसर पर उनके साथ पहुंचे अशोक पंडित का भी राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, जिला मंत्री आशु पंडित, ठाकुर विक्रम सिंह, अजय ठाकुर, अनिकेत गौड़, ध्रुव शर्मा आदि द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हमें गर्व है कि हमारे प्रदेश के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनका विजन और संकल्प प्रेरणादायक है। हम सब उनके प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने को प्रतिबद्ध हैं। विकास चतुर्वेदी जी की यह नियुक्ति प्रदेश के लिए गर्व की बात है। पर्यावरण के क्षेत्र में उनका अनुभव निश्चित ही उत्तर प्रदेश को नई दिशा देगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मा0मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित जनपद दौरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दौरे से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, साफ–सफाई, स्वच्छता, जनसुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं और कहीं भी कोई लापरवाही या ढिलाई न हो। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध और समन्वित रूप से सम्पन्न किए जाएं।

बैठक में पुलिस, नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, सूचना, परिवहन समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं और नियमित फॉलोअप की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण और व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा व आवश्यकता के अनुसार निरीक्षण किया जाए ताकि यदि कोई भी खामी हो तो समय रहते दूर की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट सहित सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के सम्बंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक गाजियाबाद द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के सम्बंध में उपस्थित कृषकों से अपील की कि सभी कृषक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। फार्मर रजिस्ट्री के लिए जनसुविधा केन्द्र पर अपना आधार कार्ड, खतौनी की नकल तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर अवश्य ले जाएं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक माह का समय शासन द्वारा निर्धारित किया गया है जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उनको आगामी पी०एम०किसान सम्मान निधि की किस्त प्राप्त नहीं होगी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पशुओं की बीमारी से बचाव हेतु 31 अगस्त तक पशुओं में टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा है सभी लोग अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करा लें टीकाकर्ता स्वरोजगार में चयनित गाँव का व्यक्ति होता है जिसको कोई मानदेय नहीं दिया जाता है।

## रजापुर ब्लॉक के सर्वोदय विद्यालय में मिड-डे मील के लिए स्वयं सहायता समूहों से मांगे गए प्रस्ताव

**गाजियाबाद।** समाज कल्याण निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर गाजियाबाद जनपद के विकास खंड रजापुर में संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए भोजन और नाश्ते की आपूर्ति हेतु योग्य एवं अनुभवी स्वयं सहायता समूहों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। यह निर्णय दिनांक 30 अप्रैल 2025 को प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के क्रम में लिया गया है, जिसमें विद्यालयों में भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता और संचालन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए थे। निदेशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद ने ऐसे स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया है, जो पूर्व में किसी विद्यालय में लगभग 400 छात्र–छात्राओं को प्रतिदिन भोजन या नाश्ता आपूर्ति करने का अनुभव रखते हों। उन्हें यह कार्य निदेशालय द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार करना होगा। प्रति छात्र प्रतिदिन की दर से 114 रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है।

# भनौता में अवैध बिल्डरों के मंसूबों पर ग्रेनो प्राधिकरण का चला बुलडोजर, 80 करोड़ की जमीन हुई मुक्त

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का एक्शन जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को ग्रेटर क्षेत्र के भनौता गांव में बुल्डोजर चलाकर लगभग 40 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराकर लगभग करीब 80 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन अपने कब्जे में ले ली। बताया जा रहा है कि कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग करने कोशिश कर रहे थे। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से अभियान चला रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देश पर बुधवार को परियोजना विभाग की वर्क सर्किल दो की टीम ने ग्रेटर क्षेत्र के भनौता गांव में कार्रवाई की। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि कालोनाइजर ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया ग्राम भनौता के खसरा संख्या-366 की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। जिसके चलते बुधवार को ओएसडी भूलेख राम नयन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, प्रभात शंकर, मैनेजर स्वतंत्र वर्मा, विवेक किशोर, अभिषेक पाल, नितीश कुमार, जेई नरेश गुप्ता, हरिंद्र सिंह, राम किशन व परियोजना विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।



# नोएडा साइबर पुलिस ने 9 करोड़ के फर्जी करने वाले 2 को किया गिरफ्तार , 77 हजार बरामद

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर**

नोएडा में 9 करोड़ के साइबर फ्राड का मामला सामने आया है। हालांकि इसकी कड़ी दिल्ली से भी जुड़ी हुई है। बाजी नोएडा साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मारी। दो ठगों को दबोचकर मामले का पदार्फाश किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ठगी की 77 हजार रकम बरामद हुई है। अस्पताल संचालक के साथी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। नोएडा साइबर एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया पकड़े गए आरोपियों की पहचान वैभव कुमार व अंकुर त्यागी के रूप में हुई है। दोनों गाजियाबाद के इंदिरापुरम के रहने वाले है। आरोपी वैभव अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर नौकरी करता था। उसने दिल्ली एमसीडी के माध्यम से कैशलेस व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त होने वाली रकम को अस्पताल के एकाउंट को बदल कर अपने एकाउंट में ट्रांसफर करा ली। यह रकम 9 करोड़ के करीब है। आरोपी ने अस्पताल की आफिशियल ईमेल आईडी से एमसीडी के एकाउंट सेक्शन को एक मेल भेजा। उसमें पूर्व से एमसीडी द्वारा अस्पताल को दी जाने वाली कैशलेस रकम के एकाउंट को बदलने का अनुरोध किया गया। अस्पताल के बैंक एकाउंट के स्थान पर वैभव ने एमसीडी को तीन नए एकाउंट भेजे। एमसीडी ने सैकड़ों मरीजों के कैशलेस व्यवस्था से संबंधित मेडिकल बिल का भुगतान वैभव द्वारा भेजे गए बैंक खातों में कर दिया गया। मेडिकल भुगतान की रकम को वैभव ने अपने अन्य साथियों के माध्यम से निकालकर आपस में बांट लिया। आरोपी वैभव पहले कड़कड़डूमा दिल्ली के एक अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। उसकी मुलाकात विजय कुमार अग्रवाल व अंकुर त्यागी से हुई। अंकुर त्यागी अपने रिश्तेदार के साथ अस्पताल चलाता था। वहीं से इन लोगों में दोस्ती हो गई फिर आरोपी नोएडा स्थित अस्पताल में रिकवरी अधिकारी के पद पर काम करने लगा।

